मूल्य 50/-


जनवरी-मार्च 2018



**सुप्रीम इंडस्ट्रीज लि. के एम.डी. एम.पी. तापड़िया से खास बातचीत**

# संयुक्त व्यापार

आर.एन.आई.नं.UPHIN/2015/69502



## प्लास्ट इंडिया 2018 के नेशनल प्रमोशन पर खास रपट

# INDIAPLAST

**28 FEB–4 MAR 2019**

India Expo Centre, Greater Noida, Delhi NCR

in association with

Plastasia®

## AN EVOLVED PLASTICS EXHIBITION

### KEY HIGHLIGHTS

OVER **900+** EXHIBITORS

**18** COUNTRIES PARTICIPATION

**90,000+** VISITORS

**72,000 Sq. Mtrs** EXHIBITION AREA

PLATINUM SPONSOR

UFLEX

'A part of your daily life'

### KEY PARTICIPANTS

AERODRY, electronica, Hitcos, JP GROUP, JAGMOHAN, KABRA, KONARK, MILACRON, MAMATA MACHINERY, NAROTO, CONAIR, neoplast, PRASAD, RAJOO, RRP, STEER, TOSHIBA MACHINE, WINDSOR

Book Your Space Now on :

**www.indiaplast.org**

Mobile :

**+91 98450 89641**

Jointly organized by

PMMAI — PLASTICS MACHINERY MANUFACTURERS ASSOCIATION OF INDIA

TRIUNE EXHIBITORS PVT. LTD.


AER DRY
Plastics Automation
End-to-End Process automation solutions for wide range of applications
Dosing & Mixing Solutions
• Gravimetric Dosing Unit
• Volumetric Dosing Unit
• Extrusion Process Control
Applications
Drying Solutions
• Hopper Dryer
• Dehumidifying Dryer
• PET Crystallizers
Conveying Solutions
• Hopper Loaders
• Centralized Conveying Systems
• Powder Conveying Systems
• Storage Silos & Silo Feeding Systems
Heating & Cooling Solutions
• Process Chiller
• Mold Temp. Controller
• Mold Dehumidifiers
Integrated Turnkey Automation
• Concept to Commissioning
Aerodry Plastics Automation Pvt. Ltd.
F-52, Sector-XI, Noida - 201 301, U.P., India.
Tel.: +91-120-4766777, Fax: +91-120-4766766, Email: info@aerodry.com
Joint venture with Ferlin B.V of the Netherlands
www.aerodry.com

PLASTINDIA INTERNATIONAL UNIVERSITY™

*Building Our Future Together*

www.plastindia.edu.in



*The first international* **Plastics University** *of India*

Experience an exciting learning and research environment at Plastindia International University. The University provides opportunities to students and professionals to develop intellectual knowledge with techno managerial skills which enable them to compete in the global arena. This will bring a remarkable difference to their career development.

The University offers four year undergraduate degree programmes in:

- PLASTICS ENGINEERING
- CHEMICAL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING

Academic Partner

UMASS University of Massachusetts Lowell

*Learning with Purpose*

Sponsoring Body

PLASTINDIA FOUNDATION

Campus address: Dungra, GIDC, Vapi, Dist. Valsad - 396195, Gujarat, India.

Email: info@plastindia.edu.in Tel: 22 2683 2911/12/13/14

वर्ष-3, अंक-2, जनवरी-मार्च 2018

# संयुक्त व्यापार

सम्पादक
**शिवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी**

व्यवस्थापन समूह
राजबाबू रस्तोगी,सुधीरकांत शर्मा(उ०प्र०)
आर०पी० सिंह (म०प्र०)
किशोर शाह, बृजेश पाण्डेय (मुम्बई)
संजय श्रीवास्तव, ओ.पी. दुबे (दिल्ली)
ओम प्रकाश ठाकुर (हिमाचल प्रदेश)
अजीत सिंह (झारखण्ड)
विजय चौधरी (उत्तराखण्ड)
जगदीश ठक्कर, पी.एन. तिवारी (गुजरात)
शैलेन्द्र तिवारी (बिहार)
हरकिशन कात्याल (पंजाब)
सुरेन्द्र आर. भोईर (महाराष्ट्र)
सौरभ शर्मा (राजस्थान)
अनिल सिंह (हरियाणा)
कमलेश पाण्डेय (पं० बंगाल)
अशोक पाण्डेय (उड़ीसा)

**दिल्ली कार्यालय**
IIफ्लोर1430, 1432
आर्य समाज स्ट्रीट
सीताराम बाजार, दिल्ली-110006
मो. : 09415283516
ई मेल : sanyuktvyapar@gmail.com
वेबसाइटः www.sanyuktvyapar.com

**कारपोरेट कार्यालय**
401, क्रिस्टल टावर
मारूती लेन, फोर्ट, मुम्बई-400001
फोन : 022-65209980
मो. : 08787058561, 08082163722

**पंजीकृत कार्यालय**
एस-6 विज्ञानपुरी
महानगर, लखनऊ

**सूचना :**

- सदस्यता शुल्क : पाँच वार्षिक रु० 1,000/- आजीवन रु० 5,000/-
- प्रकाशित लेखों से सम्पादकीय सहमति आवश्यक नहीं।
- पत्रिका से सम्बन्धित किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

स्वामी राजकरन तिवारी के लिये प्रकाशक, मुद्रक शिवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी द्वारा शिवा प्रिन्टिंग प्रेस, 498/104 लक्ष्मी काम्प्लेक्स, डालीगंज, लखनऊ से छपवाकर, एस–6 विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक–शिवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी

पंजीयन संख्याः UPHIN/2015/69502



**10 | प्लास्ट इंडिया 2018 के नेशनल प्रमोशन पर खास रपट**

16 | प्लास्टइंडिया 2018 डिजिटल इंडिया की तरफ

21 | प्लास्ट इंडिया 2018 इस बार दिखेगा और भी खूबसूरत व स्वच्छ



26 | प्लास्ट इंडिया फॉउंडेशन प्लास्टिक इंडस्ट्री का सौभाग्य –एम.पी. तापड़िया




40 | मुम्बई में प्लेक्सपो इंडिया की गंभीर दस्तक



24 | लोगों का सहयोग मेरी खुशनसीबी

## सम्पादकीय

### प्लास्ट इंडिया प्रदर्शनी की गुणवत्ता पहले से अधिक मजबूत होने की संभावना



शिवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी

दुनिया की सबसे बड़ी प्लास्टिक प्रदर्शनी 'प्लास्ट इंडिया 2018' का यह दसवाँ संस्करण अपने प्रदर्शन के लिये तैयार है।

शुरू से ही देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने वाली यह महाप्रदर्शनी दूसरी बार गुजरात के गाँधी नगर में आयोजित हो रही है,गाँधीनगर के इस फेयरग्राउंड का पिछला अनुभव विजिटर्स व एग्जिबिटर्स दोनों के लिये थोड़ा कठिन रहा,क्योंकि गाँधीनगर व अहमदाबाद की अभी इतनी क्षमता नहीं कि वह प्लास्ट इंडिया जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी को झेल सके। सम्भवतः यही कारण था जिस वजह से पिछली बार यहाँ यातायात,व ठहरने से लेकर खाने तक हर जगह एग्जिबिटर्स व विजिटर्स के सामने मुश्किलें आयी।

पूर्व के अनुभव को देखते हुये इस बार प्लास्ट इंडिया 2018 के आयोजकों ने जिस तरह पिछले दो वर्षों से इस फेयर को लेकर मेहनत की है,वह काबिले–तारीफ है। यातायात के उचित प्रबंध के अलावा लोगों को सही रेट में होटल मिले इस हेतु पहल करते हुये प्लास्ट इंडिया NEC नें खुद 10 करोड़ रू का इनवेस्टमेंट होटल में करके दूरदर्शिता का परिचय दिया है, जो यह बताता है कि प्लास्ट इंडिया NEC अपने आयोजन को लेकर कितना गम्भीर है। खान–पान के उचित रेट, इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी का बेहतर उपयोग इस बार प्लास्ट इंडिया की गुणवत्ता को पहले से अधिक मजबूत करेगा।

हलांकि इस महाप्रदर्शनी में गुजरात सरकार से भी सहयोग की अपेक्षा है,देखना यही है कि वह इस सन्दर्भ में क्या पहल करती है।

### M.P. तापड़िया साहब का बड़प्पन !

मुंबई मे गत दिनों सुप्रीम इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री M.P. तापड़िया से हुई मुलाकात मेरे  जीवन का अविस्मरणीय पल रहा, क्योंकि मुझे पत्रकारिता करते 20 वर्ष होने को हैं, झोपड़ी पट्टी के गरीब रिक्शेवाले से लेकर दिल्ली,मुंबई व कोलकाता के बड़े  महलो में रहने वाले ख्याति लब्ध राजनीतिज्ञों,बड़े नौकरशाहों,व प्रतिष्ठित उद्योगपतियों से मुखातिब होने के अनेकानेक अवसर आये, परन्तु जो सहजता,प्रेम,विनम्रता श्री तापड़िया जी में दिखाई दी वह आज तक कहीं न मिली।

मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ  की वह सुप्रीम इंडस्ट्रीज जो प्लास्टिक इंडस्ट्री में ही नहीं बल्कि समूचे भारतीय उद्योग जगत में एक जाना पहचाना नाम है, उस कम्पनी के सर्वेसर्वा श्री तापड़िया जी का व्यवहार किसी संत की तरह सरल है,उनका अपने चेम्बर से उठकर मुझे छोड़ने के लिये लिफ्ट तक चले आना सचमुच मुझे भावुक कर गया, इस रिश्ते व व्यवहार की तुलना कृष्ण व सुदामा से करूँ भी तो कैसे करूँ? क्योंकि न केवल उनसे यह मेरी प्रथम मुलाकात थी बल्कि  आदरणीय श्री तापड़िया उम्र में मुझसे कम से कम 30 वर्ष बड़े होंगे।

आज जब मै सोचता हूँ कि इस भौतिकतावादी युग में जरा सा पद सम्मान व पैसा प्राप्त होने पर व्यक्ति अकड़ कर चलने लगता  है, वही श्री तापड़िया जैसी सख्शियतें इस बात के लिये जीवंत उदाहरण हैं कि 'फलदार वृक्ष हमेशा' झुक जाता है।

आदमी पद व पैसे से बड़ा नहीं होता,वह बड़ा होता है अपने 'बड़प्पन'से!

आदरणीय श्री तापड़िया जी आपका बड़प्पन यूं ही कायम रहे और नई पीढ़ी आपसे कुछ सीख सके ऐसी ईश्वर से कामना है।

संपादक


Hitco's
Energy Saving Solution for Plastic Processing Machines ...
MICRO COIL HEATERS
INSUL PLUS POWER SAVING HEATER
maXwatt HIGH DENSITY CARTRIDGE HEATERS
TURBO HEATERS
MAXI COIL NOZZLE HEATERS
INSUL WRAP High Temperature Insulation Blankets
MINI COIL HEATERS
INSUL WRAP High Temperature Insulation Blankets
Breakthrough In Technology For Power Saving
Over 500 Machines Installed World Wide
With Unique Aerogel, Cutting Edge and
Nano porous Technology Retrieve From Nasa
For Insulation And Energy Industry
HITCO ELECTRICALS PVT LTD
50, Block-B, Sector-67, Noida 201301, Uttar Pradesh (India)
Ph : +91-9810008907, 8860083404 (4 Lines)
E-mail : sales@hitcogroup.in, Web : www.hitcogroup.in


Performance @ Work!
Some people believe matching specifications is enough. We Don't.
We always go the extra mile to ensure longevity and guaranteed performance of our products and delight our customers; After all, we are your partners, not your vendor. We grow only when you do.
To know how we will add value to your products, write to us at info@rajivplastics.com or call us on +91-22-66929701
RAJIV
For You. Right Through.
Innovation
Technology
Precision
Performance
MASTERBATCHES • COMPOUNDS • TOLL COMPOUNDING


neelgiri
machinery
ISO 9001 : 2008 Certified
Injection Moulding Machines and Plastic Auxiliaries
PLASTINDIA 2018
EMPOWERING GROWTH
and join us at :
7th - 12th FEB. 18
10:00 AM To 6:00 PM
One Stop Solution for the Plastic Industry
• Auxiliaries
• Granulator
• Hopper Dryer
• Vertical Mixer
• Hopper Loader
• Industrial Chiller
• Hydraulic Valves
• Servo Drives and Motors
• Linear Displacement Sensor
• Injection Moulding PLC Controller
• Automatic Mould Temperature Controller
Neelgiri Machinery Pvt. Ltd.
Corporate Office: Plot No. 154/597, Pooth Khurd, Near DSIIDC Indl. Area, Bawana, Delhi-110039, INDIA, E-mail: sales@neelgirigroup.com, Mob.: +91-9971386000, 9810752626
Web: www.neelgirimachinery.com, www.usedinjectionmouldingmachine.com
Regional Office
•Bangalore •Chennai •Indore •Kolkata •Mumbai •Pune •Vapi •Vadodara
Overseas Office
•Nepal
PORCHESON
Authorized Distributor and Stockist in India




# जोरदार तरीके से चला प्लास्ट इंडिया 2018 का नेशनल प्रमोशन

प्लास्ट इंडिया 2018 में इस बार एनईसी चेयरमैन राजीव चितालिया की अगुवाई में पूरे देश के अंदर जोरदार तरीके से इस महा प्रदर्शनी का प्रमोशन किया गया। इस दौरान श्री चितालिया के साथ एनईसी के को– चेयरमैन अजय देसाई भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते देखे गए। इन तमाम प्रमोशन में प्लास्ट इंडिया प्रेसीडेंट के0के0 सेकसरिया, वाइस प्रेसीडेंट राजीव रावल तथा कोषाध्यक्ष राजू देसाई ने अलग–अलग कार्यक्रमों में प्रमोशन की बागडोर संभाली। हालांकि इस बार प्लास्ट इंडिया 2018 की एनईसी शुरू से ही काफी सक्रिय रही है, इसके साथ ही इस बार प्लास्ट इंडिया 2018 के सफल संचालन हेतु एनईसी का स्वरूप काफी बदला–बदला नजर आया। पिछली बार की तुलना में इस बार की एनईसी में ना केवल कॉफी फेरबदल किये गये बल्कि अलग अलग तरीके से कमेटियों की संख्या भी बढ़ाई गई । इस बार की एनईसी में जो सबसे खास बात देखने को मिली वह थी नेशनल प्रमोशन हेतु गठित की गई रीजनल स्तर की कमेटियां।

जी हाँ! रीजन स्तर पर इन कमेटियों के गठन में इस बार जिस तरीके की परिपक्वता दिखाई गई वह अपने आप में काबिले तारीफ है। क्योंकि पिछली बार रीजन स्तर पर चेयरमैन के बाद उनके



एल.आर. ठकुरिया (असम)



शिशिर जालान (प. बंगाल)



आलोक टिबरेवाल
चेयरमैन (ईस्टर्न रीजन)
नेशनल प्रमोशन कमेटी
प्लास्ट इंडिया 2015–18 एनईसी



गौतम सहा (असम)



प्रकाश खेमानी (झारखंड)



दीपक अग्रवाल (ओडिशा)



सुनील मारदा (छत्तीसगढ़)



रोहित अग्रवाल (बिहार)

साथ राज्य स्तर पर सिर्फ सदस्य मनोनित किये गये थे परन्तु इस बार रीजनल चेयरमैन के साथ, राज्यवार को–चेयरमैन का मनोनयन ''प्लास्ट इंडिया 2018 एन0ई0सी0 की बुद्धिमत्ता, परिपक्वता तथा दूरदर्शिता की तरफ इशारा करता है। क्योंकि किसी भी कमेटी में उत्साह का सृजन बड़ी–2 बातों से नही छोटी–2 बारीकियों से हुआ करता है।

यदि **नेशलन प्रमोशन कमेटी के पूर्वोत्तर रीजन** की बात करें तो पिछली बार इस रीजन में प्लास्ट इंडिया प्रेसीडेंट कृष्ण कुमार सेकसरिया ने कमान सम्हाल रखा था जिनके साथ बतौर सदस्य सहयोग किया था भुयान एसोसियेट प्रा0लि0 के गौतमशाह, शिवा पालीमर्स प्रा0लि0 के के0 डी0 अग्रवाल, पंकज प्लास्टिक इंडस्ट्रीज के श्यामलाल अग्रवाल, नेप्च्यून प्लास्टिक एंड मेटल इंडस्ट्रीज के मनीष भईया, सूरज लोजेस्टिक प्रा0 लि0 के प्रकाश कुमार खेमानी, श्री बालमुकुन्द पाली प्लास्ट प्रा0लि0 के अजय कुमार अग्रवाल, ओरि प्लास्ट लि0 के आशीष अग्रवाल और मित्तल टेक्नो पैक प्रा0लि0 के मनोज कुमार अग्रवाल, इन सबके अलावा असम व नार्थ ईस्ट रीजन के प्रमोशन की कमान बतौर चेयर पर्सन चारू टेक्नालांजी प्रा0लि0 के एल0आर0 ठकुरिया ने सम्हाल रखी थी, इस तरह दो चेयरमैन सहित 9 सदस्यीय टीम ने जहाँ पिछली बार पूर्वोत्तर रीजन में 'प्लास्ट इंडिया 2015' के प्रमोशन में अपनी सहभागिता निभाई थी वहीं इस बार की टीम पहले की अपेक्षा छोटी रखी गयी जिसमें पूर्व की तरह दो चेयरमैन तो रखे गये परन्तु को–चेयरमैन की संख्या पाँच और सदस्य की संख्या मात्र एक रखी गई। इस बार प्लास्ट

**कुल मिलाकर यदि देखा जाय तो प्लास्ट इंडिया 2018 के नेशनल प्रमोशन की रणनीति जिन लोगों ने बनाई होगी उनके सूझबूझ व दूरदर्शिता की प्रशंसा की जानी चाहिये, क्योंकि प्लास्ट इंडिया जैसे किसी बड़े शो की सफलता में नेशनल प्रमोशन का बेहद अहम रोल हुआ करता है। ऐसे में नेशनल प्रमोशन जितना व्यवस्थित व सधा हुआ होता है, बड़े शो के सफल होने की उम्मीद उतनी ही अधिक मात्रा में बढ़ जाती है।**



**'गांधी नगर में दूसरी बार आयोजित हो रहे प्लास्ट इंडिया के इस दसवें संस्करण की राह इतनी आसान न थी जितनी कि एन0ई0सी0 कमेटी की सूझबूझ व दूरदर्शिता ने (राह आसान) कर दी।'**

इंडिया 2018 के ईस्टर्न रीजन प्रमोशन की कमान प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक संस्थाओं में से एक इंडियन प्लास्टिक फेडरेशन के वर्तमान अध्यक्ष व स्वास्तिक पालीमर्स के डायरेक्टर आलोक टिबरेवाल ने खुद सम्भाल रखी है, इस रीजन में सर्वो पैकजिंग लिमिटेड के शिशिर जालान जहाँ को–चेयरमैन के रूप में वेस्ट बंगाल के प्रमोशन का कार्य देख रहे हैं तो वही बतौर को–चेयरमैन सूरज लोजेस्टिक्स प्रा0 लि0 के प्रकाश कुमार खेमानी झारखंड, कंचन प्लास्टिक प्रा0 लि0 के दीपक अग्रवाल बिहार, गौतम प्लास्टिक्स के सुनील मारदा छत्तीसगढ़ तो इसी के साथ चारू टेक्नालांजी प्रा0लि0 के एल0आर0 ठकुरिया पर एक बार फिर से बतौर असम व नार्थ ईस्ट चेयरमैन प्लास्ट इंडिया ने भरोसा जताया है। पिछली बार की तरह इस बार भी भुयान एसोसियट्स प्रा0लि0 के गौतम सहा को बतौर सदस्य श्री ठकुरिया के साथ सम्बन्ध किया गया है।

इस महाप्रदर्शनी की प्रमोशन कमेटी के पूर्वोत्तर रीजन के चेयरमैन तथा इंडियन प्लास्टिक फेडरेशन के अध्यक्ष आलोक टिबरेवाल, ने देश की सबसे बड़ी हिन्दी बिजनेस पत्रिका' "संयुक्त व्यापार", से हुयी वार्ता के दौरान बताया कि पूर्वोत्तर जोन में कोलकाता, भुवनेश्वर, रायपुर, जमशदेपुर, पटना, गुवाहाटी, सिलीगुड़ी, असम, आसनसोल, विलासपुर में प्रमोशन किया गया, इसके अलावा रायगंज में रोड शो भी किया गया। इन आयोजनों में कोलकाता में सबसे अधिक प्लास्टिक व्यवसायियों ने भागीदारी की, जिनकी संख्या 650 से अधिक थी। इसके बाद रायपुर में उम्मीद से अधिक 250 प्लास्टिक व्यवसायियों ने शिरकत की। इसी तरह भुवनेश्वर में तीन सौ तो बाकी के प्रत्येक आयोजन में 150 से दो सौ के बीच प्लास्टिक व्यवसायियों की उपस्थिति रही।

श्री आलोक आगे कहते है कि प्लास्ट इंडिया 2018 का पूर्वोत्तर प्रमोशन काफी जोरदार रहा इसमें हमारे सभी को–चेयरमैन ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

श्री टिबरेवाल के मुताबिक आज से 40 साल पहले हम नई तकनीक को जानने समझने और प्रयोग करने के वास्ते विदेशो तक जाते थे जबकि आज गुजरात के गांधीनगर में देश की ही नही बल्कि विदेशों तक की नई टेक्नालांजी खुद चल कर आ रही है। ऐसे में हमें कहीं विदेश नहीं जाना बल्कि अपने देश के गांधीनगर तक ही जाना है। प्लास्टिक व्यवसायियों को चाहिये कि वह इस बड़े मौके का लाभ उठायें।

'संयुक्त व्यापार' से हुई एक बातचीत के दौरान 'प्लास्ट इंडिया 18' की नेशनल प्रमोशन कमेटी के बिहार को–चेयरमैन ने जहाँ बिहार में ऐरीगेशन व फूड इंडस्ट्री की उभरती सम्भावनाओं के मद्देनजर प्लास्ट इंडिया 18 में बिहार के तमाम विजिटर्स के शिरकत करने की संम्भावनायें बतायी, वही छत्तीसगढ़ के को–चेयरमैन सुनील मारदा ने अपने प्रदेश में दो जगह हुये प्रमोशन को लेकर खुशी जतायी और 'संयुक्त व्यापार' को यह बताया कि उनके प्रदेश से भी बड़ी संख्या में प्लास्टिक व्यवसायी इस महाप्रदर्शनी में जायेंगे।

इसी तरह ओडिशा के को–चेयरमैन दीपक अग्रवाल, 'संयुक्त व्यापार' से हुयी वार्ता के दौरान काफी उत्साहित दिखें। प्रमोशन कमेटी के असम व नार्थ ईस्ट रीजन के चेयनमैन एल0आर0 ठकुरिया ने 'संयुक्त व्यापार' को बताया कि नार्थ ईस्ट के असम, मेद्यालय व अरूणाचल प्रदेश जैसी कई जगहों पर प्लास्टिक व्यवसाय का काफी स्कोप है। उन्होंने कहा कि विगत 16 दिसम्बर को गुवाहाटी के रेडिसन ब्लू में प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री के0के0 सकसेरिया की मौजूदगी में करीब 250 से अधिक प्लास्टिक व्यवसायियों के सम्मुख हुआ प्लास्ट इंडिया 2018 का प्रमोशन कार्यक्रम काफी उत्साह जनक रहा। हमें उम्मीद है कि नार्थ ईस्ट रीजन से काफी संख्या में प्लास्टिक व्यवसायी गांधीनगर में पहुँचेगे।

**प्लास्ट इंडिया 2018 के नेशनल**



**प्रमोशन** की बात करते हुये यदि **नार्थ रीजन** पर आते है तो हम पाते है कि पिछली बार 2015 में दिल्ली से प्लास्ट इंडिया उखड़ कर गांधीनगर गया। ऐसे में 2015 के दौरान नार्थ का प्रमोशन बहुत कम समय की एक मेहनत थी इसलिये यहाँ पुरानी कमेटी की बात करना बेमानी होगी।

प्लास्ट इंडिया 2018 के इस रीजन से सम्बन्धित नेशनल प्रमोशन कमेटी की बात करें तो इस बार यहाँ की कमान सम्भाली एस0सी0जे0 प्लास्टिक लि0 के डायरेक्टर श्री वी0बी0 लाल ने। बताते चलें कि श्री वी0बी0 लाल की गिनती जहाँ प्लास्टिक इंडस्ट्री के बेहद वरिष्ठ व सम्मानित लोगों में होती है, वहीं प्लास्ट इंडिया के प्रति उनके समर्पण व निष्ठा की प्रशंसा भी इंडस्ट्री के अनेक लोगों द्वारा समय–समय पर की जाती रही है।

देश की सबसे बड़ी हिन्दी बिजनेस पत्रिका 'संयुक्त व्यापार' से हुई एक मुलाकात के दौरान श्री वी0बी0 लाल ने बताया कि नार्थ इंडिया में 'प्लास्ट इंडिया 2018 का प्रमोशन बहुत ही जोरदार तरीके से हुआ है।

हरिद्वार के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित प्रमोशन कार्यक्रम के दौरान जहाँ उत्तराखण्ड सरकार के प्रतिनिधि शामिल हुये वहीं उस प्रदेश के 250 से अधिक प्लास्टिक व्यवसायियों ने उस आयोजन में शिरकत की, इसी तरह प्लास्टिक व्यवसाय के उभरते गढ़ लुधियाना में पूरे पंजाब प्रदेश के 250 प्लास्टिक व्यवसायियों ने हिस्सा लिया, इस कार्यक्रम में पंजाब सरकार की तरफ से उनके प्रतिनिधि शामिल हुये। इसके अलावा यू0पी0 के कानपुर में 250 और वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 200 प्लास्टिक व्यवसायियों ने हिस्सा लिया। इन जगहों पर प्लास्ट इंडिया के दौरान अहमदाबाद व गांधीनगर में होने वाली समस्याओं का जिक्र आया, जिस पर उनकी शिकायतों को शांत करते हुये इस बार प्लास्ट इंडिया में दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया गया जिससे उपस्थित व्यवसायी संतुष्ट हुये।

श्री वी.बी. लाल ने बताया कि दिल्ली एन0सी0आर0 के गुडगांव में 30 दिसम्बर को होटल लीला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक प्लास्टिक व्यवसायियों ने भागीदारी निभाई, इस दौरान कार्यक्रम में प्लास्ट इंडिया की पूरी टीम मौजूद रही।




**वी0बी0 लाल**
चेयरमैन (नार्थ रीजन)
नेशनल प्रमोशन कमेटी
प्लास्ट इंडिया 2015-18 एनईसी

श्री वी0बी0 लाल ने आगे बताते हुये कहा कि प्लास्ट इंडिया 2018 में इस बार नार्थ इंडिया से बड़ी संख्या में विजिटर्स अपनी भागीदारी निभायेंगे, उन्होंने बताया कि प्रमोशन कार्यक्रम के दौरान ललित कुमारसिंह, कमल टंडन, शिवम बंसल, अंजुम लाकरा सहित कई सम्मानित साथियों का सहयोग मिला, इसके अलावा श्री सुबोध कुमार गुप्ता भी विशेष रूप से धन्यवाद के पात्र हैं क्योंकि प्लास्ट इंडिया से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण मीटिंग उनके कनाट प्लेस स्थित कार्यालय में ही सम्पन्न हुई। इन सबके अलावा एन0ई0सी0 चेयरमैन राजीव चितालिया, व को–चेयरमैन अजय देसाई का भी विशेष आभार क्योंकि इन लोगों ने बिना किसी रोक टोक के रीजन कमेटी को स्वतत्रंता पूर्वक अपना काम करने दिया। इस काम में प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री के0के0 सेकसरिया, वाइस प्रेसीडेंट राजीव रावल, कोषाध्यक्ष राजू देसाई का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।



शिवम बंसल

**"जी हाँ! रीजन स्तर पर इन कमेटियों के गठन में इस बार जिस तरीके की परिपक्वता दिखाई गई वह अपने आप में काबिले तारीफ है। क्योंकि पिछली बार रीजन स्तर पर चेयरमैन के बाद उनके साथ राज्य स्तर पर सिर्फ सदस्य मनोनीत किये गये थे, परन्तु इस बार रीजनल चेयरमैन के साथ राज्यवार को-चेयरमैन का मनोनयन ''प्लास्ट इंडिया 2018 एन0ई0सी0 की बुद्धिमत्ता, परिपक्वता तथा दूरदर्शिता की तरफ इशारा करता है। क्योंकि किसी भी कमेटी में उत्साह का सृजन बड़ी-2 बातों से नही छोटी-2 बारीकियों से हुआ करता है।"**



राजुल पटेल (गुजरात)



सुभाष चतुर्वेदी (मध्यप्रदेश)



**सी0वी0 जैन**
चेयरमैन (वेस्टर्न रीजन)
नेशनल प्रमोशन कमेटी
प्लास्ट इंडिया 2015-18 एनईसी



श्रवण कुमार शर्मा (राजस्थान)

**वेस्टर्न रीजन** में प्रमोशन की बात करें तो जहाँ पिछली बार इस रीजन में शिवांगी पैकेजिंग के केतन शाह को वेस्टर्न रीजन का चेयरमैन मनोनीत कर उनके साथ बतौर कमेटी सदस्य स्टैडंर्ड प्लास्टिक के राजुल पटेल व राजू इंजीनियर्स की खुश्बू दोशी को सम्बद्ध किया गया था। वहीं मध्य प्रदेश की प्रमोशन कमेटी अलग की गयी थी। जिसके चेयरमैन सुभाष चतुर्वेदी थे, इसी तरह दीव दमन, वापी, सिलवासा, दहेज की प्रमोशन कमेटी अलग से बनायी गई थी जिसके चेयरमैन एप्मा के पूर्व अध्यक्ष योगेश शाह थे जिनके साथ बतौर कमेटी सदस्य संबद्ध किया गया था अवि ग्लोबल प्लास्ट प्रा0लि0 के अखिलेश भार्गव को। इसके अलावा महाराष्ट्र की भी प्रमोशन कमेटी अलग रखी गयी थी।

प्लास्ट इंडिया 2018 की नेशनल प्रमोशन कमेटी के वेस्टर्न रीजन की कमान इस बार बतौर चेयरमैन गुजरात प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसो0 के पूर्व अध्यक्ष श्री सी0वी0 जैन ने सम्भाली, जिसमें उनके साथ गुजरात प्रदेश को–चेयरमैन के रूप में स्टैंडर्ड फ्लैक्स प्रा0लि0 के राजुल पटेल, मध्यप्रदेश को–चेयरमैन के रूप में इंदौर के सुभाष चतुर्वेदी तथा राजस्थान के श्रवनकुमार शर्मा को शामिल किया गया है। वेस्टर्न रीजन प्रमोशन कमेटी के चेयरमैन श्री सी0वी0 जैन ने 'संयुक्त व्यापार'से अहमदाबाद में हुई एक मुलाकात के दौरान बताया कि गुजरात के अहमदाबाद में देश का सबसे बड़ा विजिटर प्रमोशन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें दो हजार से ज्यादा प्लास्टिक व्यवसायियों ने भागीदारी की। इसके अलावा बड़ौदरा, सूरत, राजकोट, भावनगर, राजस्थान के कोटा, जयपुर, जोधपुर, केन्द्रशसित प्रदेश के दमन, म0प्र0 के इंदौर, भोपाल जैसी जगहों पर प्लास्ट इंडिया 2018 का जोरदार विजिटर प्रमोशन हुआ। उपरोक्त सभी कार्यक्रम में से हर कार्यक्रम में तीन सौ से चार सौ के बीच प्लास्टिक व्यवसायियों ने भागीदारी की। ऐसे में उम्मीद है कि वेस्टर्न रीजन से बड़ी संख्या में विजिटर्स प्लास्ट इंडिया 2018 के अन्दर शिरकत करेंगे।

श्री जैन ने आगे बताया कि कुल 75 हजार आनलाइन विजिटर्स रजिस्ट्रेशन अभी तक हो चुके हैं, जिनमें मेरा अनुमान है कि गुजरात से कम से कम 20 हजार लोगों ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन किया होगा।

प्लास्ट इंडिया के प्रमोशन में अक्सर **महाराष्ट्र व गोवा** प्रदेश को पश्चिमी रीजन से अलग कर वहाँ के लिए चेयरमैन व उसकी कमेटी मनोनीत की जाती रही है। कारण यह, कि महाराष्ट्र देश की प्लास्टिक इंडस्ट्री का एक महत्वपूर्ण गढ़ है।

पिछली बार यहाँ प्लास्ट इंडिया 2015 के प्रमोशन में अरूण कुम्भोजकर ने बतौर चेयरमैन कमेटी सदस्य समीर जोशी के साथ यहाँ के प्रमोशन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। परन्तु इस बार यहां की कमेटी में फेर बदल करते हुये प्लास्ट इंडिया एन0ई0सी0 ने लकी इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 के चन्द्रकान्त तुरखिया को चेयरमैन बनाकर अरूण कुम्भोजकर को बतौर को–चेयरमैन दायित्व सौपा था। बताया जाता है कि हमेशा से अभी तक इस रीजन में प्रमोशन कमेटी के चेयरमैन का दायित्व देखते रहे श्री कुम्भोजकर ने स्वेच्छा से को–चेयरमैन का पद अस्वीकार कर दिया। बताते चलें कि श्री कुम्भोजकर इंडियन प्लास्टिक इंस्टीट्यूट के पुणे चैप्टर के संस्थापक होने के साथ ही प्लास्टिक इंडस्ट्री की प्रतिष्ठित संस्था असोसियेशन फार द प्रमोशन आफ प्लास्टिक के भी संस्थापक सदस्य रहे हैं, और उन्हें न केवल प्लास्ट इंडिया वरन् महाराष्ट्र की प्लास्टिक इंडस्ट्री में अपनी यादगार भूमिका के लिए पहचाना जाता है।

बहरहाल देश की सबसे बड़ी हिन्दी बिजनेस पत्रिका 'संयुक्त व्यापार' से हुई एक मुलाकात के दौरान इस रीजन के चेयरमैन श्री चन्द्रकान्त ने बताया कि इस बार महाराष्ट्र व गोवा रीजन में रवि जशनानी, भरत राजपूत, शिवा अम्मर, विनोद जी(जलगांव), विशाल अग्रवाल (नागपुर), मुकेश शाह, अनिल नाईक, समीर जोशी व नितिन कोन्धालकर, जैसे लोगों के सहयोग से काम लिया गया। श्री चन्द्रकान्त ने बताया कि प्रमोशन कार्यक्रम के दौरान कोल्हापुर, नागपुर, नासिक, जलगांव,




**चन्द्रकांत तुरखिया**
चेयरमैन (महाराष्ट्र व गोवा रीजन)
नेशनल प्रमोशन कमेटी
प्लास्ट इंडिया 2015-18 एनईसी



वेणुगोपाल दास (आ.,ते.)



ए0 गजेन्द्रन (तमिलनाडु)



वी0 शेखर
चेयरमैन (साउथ रीजन)
नेशनल प्रमोशन कमेटी
प्लास्ट इंडिया 2015-18 एनईसी



पी0जे0 माथेव (केरल)



एस0जे0 पीटर (पाण्डेचेरी)



मो. अब्दुल अलीम (आ.,ते.)



हरिराम ठक्कर (कर्नाटक)



विजय कुमार वी. (कर्नाटक)



एन0के0 रामास्वामी (तमिलनाडु)

औरंगाबाद, गोवा, पुणे, दमन जैसी जगहों पर प्लास्ट इंडिया 2018 को लेकर प्लास्टिक व्यवसायियों के बीच भारी उत्साह देखा गया। इसके अलावा मुंबई में प्रमोशन के दौरान कार्यक्रम में 1800 से भी अधिक प्लास्टिक व्यवसायियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि हलांकि हम लोगों ने इस बार अहमदाबाद नगर में पहली बार प्रमोशन कार्यक्रम आयोजित किया था परन्तु वहाँ भी 172प्लास्टिक व्यवसायी उपस्थित हुए और महाप्रदर्शनी को लेकर काफी उत्साह दिखाया।

**साउथ रीजन** की यदि बात करें तो पिछली बार नेशनल प्रमोशन के लिये यहाँ तीन चेयरमैन बनाये गये थे जिनमें बी0 अनिल रेड्डी को आन्ध्र प्रदेश, हरिराम ठक्कर को कर्नाटक और वी0 शेखर को चेयरमैन के रूप में केरला तमिलनाडु और पांडिचेरी की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। जबकि इस बार प्लास्ट इण्डिया 2018 के नेशनल प्रमोशन हेतु वी0 शेखर को समूचे साऊथ रीजन का चेयरमैन मनोनीत कर उनके साथ बतौर को–चेयरमैन आन्ध्र व तेलांगना की जिम्मेदारी वेणु गोपाल जस्टी को सौंप कर उनके साथ कमेटी सदस्य के रूप में न्यू खान डाई वर्क्स के मोहम्मद अब्दुल अलीम को सम्बद्ध किया गया। इसी तरह कर्नाटका प्रदेश का को–चेयरमैन श्री हरिराम ठक्कर को मनोनीत कर उनके साथ त्रिमूर्ति ग्रुप आफ कम्पनीज के विजय कुमार वी0 को बतौर कमेटी सदस्य जोड़ा गया। उधर तमिलनाडु के चेयरमैन के तौर पर ए गजेन्द्रन को जिम्मेदारी देते हुए उनके साथ बतौर सदस्य एन0के0 रामास्वामी को सम्बद्ध किया गया। इसी तरह पांडिचेरी का को चेयरमैन एस0जे0 पीटर तथा केरल का को–चेयरमैन पी0जे0 माधव को बनाया गया।

इस तरह हम देखते हैं कि जहॉं पिछली बार तीन चेयरमैन और एल0 मेइअप्पन नामक एकमात्र सदस्य सहित कुल 4 लोगों के भरोसे पूरे साउथ रीजन का प्रमोशन कार्यक्रम चलाया गया वहीं इस बार पहले से भी ज्यादा व्यवस्थित तरीके से एक चेयरमैन के नेतृत्व में पांच को चेयरमैन तथा 3 कमेटी सदस्यों के साथ पूरे रीजन में कुल 30 प्रमोशन कार्यक्रम को अंजाम दिया गया। दक्षिण भारत के कर्नाटक तेलांगना, आन्ध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु जैसे पांच राज्यों समेत केन्द्रशासित प्रदेश पांडिचेरी में हुए इन जोरदार प्रमोशन कार्यकमों में अलग–2 जगहों पर जहॉं 6 हजार से भी अधिक प्लास्टिक व्यवसायियों ने शिरकत की, वहीं दस हजार से भी अधिक विजिटर्स ने प्लास्ट इंडिया 2018 के लिये आनलाइन रजिस्ट्रेशन किया।

'संयुक्त व्यापार' से हुई बातचीत के दौरान प्लास्ट इंडिया 2018 नेशनल प्रमोशन कमेटी के साउथ रीजन चेयरमैन वी0 शेखर ने बताया कि इस बार साउथ रीजन के अन्दर प्लास्ट इंडिया 2018 के प्रमोशन में काफी मेहनत की गई है और हमें उम्मीद है कि इस महाप्रदर्शनी में साउथ रीजन से 25 हजार से भी अधिक विजिटर्स भागीदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्लास्टिक प्रदर्शनी प्लास्ट इंडिया के आगामी आयोजन के लिये हमारी तरफ से व साउथ रीजन की पूरी कमेटी की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें हैं, श्री वी. शेखर आगे कहते हैं कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले पांच से सात वर्षों में प्लास्टिक की खपत दो गुनी हो जायेगी।

कुल मिलाकर यदि देखा जाय तो प्लास्ट इंडिया 2018 के नेशनल प्रमोशन की रणनीति जिन लोगों ने बनाई होगी उनके सूझबूझ व दूरदर्शिता की प्रशंसा की जानी चाहिये, क्योंकि प्लास्ट इंडिया जैसे किसी बड़े शो की सफलता में नेशनल प्रमोशन का बेहद अहम रोल हुआ करता है। ऐसे में नेशनल प्रमोशन जितना व्यवस्थित व सधा हुआ होता है, बड़े शो के सफल होने की उम्मीद उतनी ही अधिक मात्रा में बढ़ जाती है। गांधी नगर में दूसरी बार आयोजित हो रहे प्लास्ट इंडिया के इस दसवें संस्करण की राह इतनी आसान न थी जितनी कि एन0ई0सी0 कमेटी की सूझबूझ व दूरदर्शिता ने (राह आसान) कर दी। ■

आयोजन




# प्लास्ट इंडिया 2018 डिजिटल इंडिया की तरफ

प्लास्ट इंडिया 2018' में इस बार इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग देखने को मिलेगा। सच पूछिए तो इस महाप्रदर्शनी का सही फायदा वह लोग ज्यादा अच्छे तरीके से उठा पाएंगे जो आईटी को लेकर बेहद जागरूक हैं, बहरहाल प्लास्ट इंडिया 2018 में इस बार जिस तरह से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तरफ काफी तेजी से लोगों ने रुझान दिखाते हुए 75000 से भी अधिक पंजीकरण किए हैं उसे देखते हुए इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की तरफ अब लोगों ने तेजी से ध्यान देना शुरु कर दिया है।

गत दिनों मुंबई में देश की सबसे बड़ी हिंदी बिजनेस पत्रिका 'संयुक्त व्यापार' से हुई एक मुलाकात के दौरान प्लास्ट इंडिया 2018 की आईटी इंफॉर्मेशन कमेटी के चेयरमैन श्री हेमंत मिनोचा ने बताया कि हालांकि पिछली बार भी प्लास्ट इंडिया के दौरान आईटी का उपयोग किया गया था लेकिन इस बार और अधिक अत्याधुनिक तरीका अपनाया गया है, साथ ही पिछली बार से ज्यादा सुविधाएं इस बार मोबाइल एप्प में हैं। इस बार फ्लोर प्लान ना केवल काफी बेहतर तरीके से प्रदर्शित किया गया है बल्कि होटल बुकिंग से लेकर बहुत सारी चीजें ऑनलाइन हैं, यदि किसी भी कंपनी ने अपना बैनर सही ढंग से अपलोड किया है और सारी इंफॉर्मेशन दी है तो विजिटर्स उस डाटा को सही ढंग से प्राप्त कर सकेंगें, जिसका पूरा फायदा कंपनी को मिलेगा। फेयर ग्राउंड में भी एक ऐप के जरिये बिना लाइन में लगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।



**हेमन्त मिनोचा**
चेयरमैन (आई.टी. इन्फोकमेटी)
प्लास्ट इंडिया 2018, एनईसी

**इस बार और अधिक अत्याधुनिक तरीका अपनाया गया है, साथ ही पिछली बार से ज्यादा सुविधाएं इस बार मोबाइल एप्प में हैं। इस बार फ्लोर प्लान ना केवल काफी बेहतर तरीके से प्रदर्शित किया गया है बल्कि होटल बुकिंग से लेकर बहुत सारी चीजें ऑनलाइन हैं। फेयर ग्राउंड में भी ऐप के जरिये बिना लाइन में लगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।**

श्री हेमंत मिनोचा ने बताया कि हमारे साथ इस काम में हमारी टीम के को–चेयरमैन रमेश परशुराम टीम के सदस्य समीर जोशी, निर्मल शाह समेत अन्यं कई साथियों ने भरपूर सहयोग किया और लगातार डेढ़ साल की मेहनत के बाद हम लोग अपने इस काम को सही ढंग से अंजाम तक पहुंचा पाए हैं जिसका नतीजा है कि आज हर रोज 3,500 से 4000 लोग प्लास्ट इंडिया की वेबसाइट पर विजिट कर रहे हैं। फेयर ग्राउंड पर हम लोगों का प्रयास है कि उपस्थित जनों को इंटरनेट के उपयोग में कोई बाधा ना आए और सही स्पीड मिले।

श्री हेमंत आगे बताते हैं कि हमारे एनईसी चेयरमैन राजीव चितालिया जी बहुत ही ऊर्जावान व क्रांतिकारी व्यक्तित्व के धनी हैं। समय–समय पर उनका सुझाव व मार्गदर्शन हमारी टीम के बहुत काम आया। श्री हेमंत कहते हैं कि प्लास्ट इंडिया 2018 में विजिटर्स व इग्जिबिटर्स इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं, क्योंकि प्लास्ट इंडिया में इस बार जो भी चीज चाहिए होगी वह सारी चीजें ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेगी। इस बार पानी कनेक्शन पावर प्रोडक्ट के हिसाब से इग्जिबिटर्स सर्च जैसी अनेकानेक सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। कुल मिलाकर अब प्लास्ट इंडिया डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ गया है। ■



**नितिन शाह**
पूर्व अध्यक्ष, जी.एस.पी.एम.ए.
चेयरमैन (कैटरिंग ऑनसाइट आउटसोर्स)
प्लास्ट इंडिया 2018, एनईसी

# खानपान की व्यवस्था कम्फर्टेबल व उच्चस्तरीय होगी

प्लास्ट इंडिया 2018 में इस बार खानपान की व्यवस्था काफी कम्फर्टेबल व उच्च स्तरीय होगी। गत दिनों 'संयुक्त व्यापार' को इस बारे में जानकारी देते हुए आयोजन समिति की कैटरिंग आनसाइट आउटसोर्स कमेटी के चेयरमैन नितिन शाह ने बताया कि इस बार प्लास्ट इंडिया के अन्दर खानपान के लिये आनलाइन आर्डर दिया जा सकेगा। इसके अलावा फारेन विजिटर्स व एग्जिबिटर्स के लिये एन0आर0आई0 फूड जोन बनाये जाने की भी तैयारी है। प्रदर्शनी के अन्दर हर तरीके का फूड उपलब्ध हो इसके लिए कई तरह के वेन्डर नियुक्त किये गये हैं। एक ऐसा भी स्टोर बनाने की योजना है कि जहॉ से शहर का हर मशहूर फूड उपलब्ध किया जा सके। ■

# प्लास्ट इंडिया 2018 से कुछ सीखेगी नई पीढ़ी



**प्रो. (डा0)एम.ए. शेनोय**
चेयरमैन (स्टूडेन्ट पार्टिसिपेशन कमेटी)
प्लास्ट इंडिया 2018, एनईसी

इंडस्ट्री का भविष्य संवारने हेतु प्लास्ट इंडिया की जो सबसे अच्छी व सराहनीय पहल है वह है इस प्रदर्शनी के दौरान बनने वाली स्टूडेन्ट पार्टिशिपेशन कमेटी, जिसका यह प्रयास रहता है कि प्लास्टिक शिक्षण से जुड़े हुए तमाम छात्र इस प्रदर्शनी से कुछ सीख सकें। पिछली बार की तरह इस बार भी इस कमेटी का दायित्व सम्हाला है, श्री एम0ए0 शेनोय ने। 'संयुक्त व्यापार' से हुई एक वार्ता के दौरान श्री शेनोय ने बताया कि इस बार देश के विभिन्न कोनों से इस प्रदर्शनी को जानने सीखने व समझने के उद्देश्य से 10 हजार से भी अधिक छात्र प्लास्ट इंडिया 2018 में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि हमारी आने वाली पीढ़ी ही हमारा भविष्य है ऐसे में प्लास्टिक शिक्षण संस्थानों से जुड़े छात्रों को यहॉ बहुत कुछ जानने व समझने का मौका मिलता है। हम लोग प्लास्ट इंडिया की तरफ से इस प्रदर्शनी में छात्रों को हरसंभव सहयोग प्रदान करते हैं। ■



## उद्गार



प्लास्ट इंडिया 2018 दूसरी बार गांधीनगर में आयोजित हो रहा है, इस बार की एन0ई0सी0 टीम बहुत मेहनत कर रही है। इन सबके अलावा आई0टी0 से सम्बन्धित काफी अच्छा काम किया गया है, विजिटर्स प्रमोशन भी अच्छा हुआ है। पूरे देश में 70 प्रमोशन हुये हैं, विदेशों में भी अच्छा प्रमोशन हुआ, 30 से ज्यादा लोग इसके लिये गये। कुल मिलाकर इस बार प्लास्ट इंडिया प्रदर्शनी उम्मीद से बेहतर होनी चाहिए। इस महाप्रदर्शनी के लिए हमारी बहुत सारी शुभकामनायें हैं। ■

**–अरविन्द मेहता**
पूर्व अध्यक्ष, प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन


संयुक्त व्यापार' राष्ट्रीय बिजनेस पत्रिका के माध्यम से मै प्लास्ट इंडिया 2018 के सभी एग्जिबिजिटर्स व विजिटर्स की व्यवसायिक वृद्धि व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये आपके सामने महाप्रर्दशनी के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओ को रखता हूँ

- प्लास्ट इंडिया 2018 विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्लास्टिक प्रर्दशनी है।
- प्लास्ट इंडिया 2018 महाप्रर्दशनी कुल 1 लाख 25 हजार स्क्वायर मीटर में आयोजित है। जिसमें 2000 प्रर्दशकों में से 600 प्रदर्शक विश्व के 40 देशों से भागीदारी कर रहे हैं।
- यदि विजिटर्स की बात करें तो इस महाप्रर्दशनी में भारत सहित 60 देशों से 2 लाख लोगों के पहुॅचने की उम्मीद है
- इस आयोजन में आटोमोटिव मेडिकल, हेल्थ केयर,स्पोटर्स, थ्री0डी0, प्रिंटिंग जैसे कई विशेष पेवेलियन रहेंगे।
- इस बार प्लास्ट इंडिया 2018 में विशेष रूप से 70 विजिटर्स प्रमोशन कार्यक्रम को अंजाम दिया गया है।
- इस बार इस महाप्रर्दशनी में आई.टी का बेहतर उपयोग किया गया है।
- कुल मिलाकर इस बार के प्लास्टइंडिया आयोजन में कई तरह की खूबियाँ देखने का मिलेगी।

मुझे खुशी है कि प्लास्ट इंडिया 2018 के एनईसी चेयरमैन श्री राजीव चितालिया की कुशल नेतृत्व तथा एनएबी चेयरमैन श्री एम.पी. तपरिया के मार्गदर्शन में यह महाप्रदर्शनी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। ■



**–के.के. सेकसरिया**
अध्यक्ष, प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन




• **Organizer** •

For further information, please contact:

**GUJARAT STATE PLASTIC MANUFACTURERS ASSOCIATION**

7th floor, Span Trade Centre, Opp. Kochrab Ashram, Paldi, Ellisbridge, AHMEDABAD 380 006

**Tel :** +91 79-26578227, 66630340 **Telefax :** + 91 079-26579204 **Web :** www.plexpoindia.com

**E-mail :** info@plexpoindia.com, info@gspma.org


HAPPY
NEW YEAR
Anil Naik
An ISO / TS 16949 : 2009 Company
We Mould to Your Needs...
Upcoming New Plant 2018
Plastic Injection Moulding Manufacturing of Precision Mould
Assured quality, prompt and efficient delivery,
Highly competitive price,
Range of injection moulded components & moulds.
* Our core strength is Injection Moulding.
* 17 Injection moulding machines-JSW, TOSHIBA (All Electrical Machines) and MITSUBISHI, FANUC, BABY PLAST
* Moulding machine ranging from 20T to 240T.
* Inhouse Tool Room facility.
APE
ANIL PLASTICS & ENTERPRISES
Plot No. 16, S. No. 253/2/3, Tirumala Industrial Estate, Behind Filtrum Tools, Hinjewadi, Pune - 411057
Ph: +91-20-66758033

# 'प्लास्टइंडिया 2018' इस बार दिखेगा और भी खूबसूरत व स्वच्छ

Vectus इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डायरेक्टर श्रीमती सारिका बाहेती एक बहुमुखी प्रतिभासम्पन्न व्यक्तित्व हैं। श्रीमती बाहेती ने अपनी छवि न केवल एक उद्यमी महिला के रूप में स्थापित की है बल्कि अपनी संस्था नीरांजलि के माध्यम से वे समाजसेवा के ध्येय से पर्यावरण व जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने को सदैव तत्पर, श्रीमती बाहेती भारतीय प्लास्टिक व्यवसायियों की सर्वोच्च संस्था प्लास्टइंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्लास्टिक प्रदर्शनी 'प्लास्टइंडिया' में भी लगातार कई वर्षों से निःस्वार्थ भाव से अपना योगदान दे रही हैं।

'प्लास्ट इंडिया' 2015 में उन्होंने वैन्यू ब्युटीफिकेशन कमिटी की चेयरपर्सन के रूप में अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वहन किया था, जिसका परिणाम यह हुआ कि प्लास्ट इंडिया 2018 की NEC ने उन पर और अधिक भरोसा करते हुये इस बार उन्हें बतौर चेयरपर्सन वैन्यू ब्यूटीफिकेशन के साथ ही स्वच्छ भारत कमिटी तथा अप्वाइंटमेंट – ट्रेनिंग ऑफ होस्टेस की भी जिम्मेदारी सौंपी है।

गत दिनों 'संयुक्त व्यापार' से हुई वार्ता के दौरान, श्रीमती सारिका ने बताया कि इस बार प्रदर्शनी शुरु होने के तीन दिन पहले पहुँचकर वैन्यू ब्यूटीफिकेशन के कार्य की निगरानी करूँगी, और हमारी प्राथमिकता रहेगी कि यहाँ आने वाले विजिटर्ज व एग्जिबिटर्ज फेयर ग्राउंड के सौन्दर्यीकरण व स्वच्छता से प्रभावित हों।

होस्टेस के बारे में बात करते हुए श्रीमती बाहेती ने कहा कि बाहर से होस्टेस मंगाने के बजाय हमारी प्राथमिकता यही है कि ज्यादातर गुजरात से ही इनका प्रबन्ध किया जाए, क्योंकि यदि प्लास्ट इंडिया गुजरात में हो रहा है तो मेक इन गुजरात की भी बात होनी चाहिये, जिससे वहां के क्षेत्रीय लोगों को लाभ मिल सके। हालांकि एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के हिसाब से होस्टेस के अन्दर कम्युनिकेशन स्किल व पर्सनालिटी डवलपमेंट जैसी खूबियां होनी चाहिए। जिसके लिये काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

इसी तरह स्वच्छ भारत कमिटी के सन्दर्भ में श्रीमती सारिका कहती हैं कि प्लास्ट इंडिया 2018 में इस बार हाउसकीपिंग बढ़ा दी गई है। थोड़ी– थोड़ी देर में हर स्थान की क्लीनिंग होती रहेगी।

इसके अलावा इस बार पोर्टेबल टायलेट और भी ज्यादा लगेंगे। सूखे व गीले कचरे के लिये अलग–अलग सार्वजनिक कूड़ेदान होंगे जिनकी संख्या सौ से अधिक होगी। श्रीमती सारिका के मुताबिक, प्लास्टइंडिया 2018 इस बार और स्वच्छ व खूबसूरत दिखेगा। ■



**'गत दिनों 'संयुक्त व्यापार' से हुई वार्ता के दौरान, श्रीमती सारिका ने बताया कि इस बार प्रदर्शनी शुरु होने के तीन दिन पहले पहुँचकर वैन्यू ब्यूटीफिकेशन के कार्य की निगरानी करूँगी, और हमारी प्राथमिकता रहेगी कि यहाँ आने वाले विजिटर्ज व एग्जिबिटर्ज फेयर ग्राउंड के सौन्दर्यीकरण व स्वच्छता से प्रभावित हों।'**

# फोटो-फीचर




प्लास्ट इंडिया 2018 के नेशनल प्रमोशन की कुछ झलकियाँ


10th International Plastics Exhibition, Conference & Convention
Feb. 7-12, 2018, Gandhinagar - Ahmedabad, Gujarat, India.
22nd December 2017
Marriott, Jaipur
PLASTINDIA 2018
EMPOWERING GROWTH
THE THIRD LARGEST PLASTICS EXHIBITION IN THE WORLD

साक्षात्कार

# लोगों का सहयोग मेरी खुशनसीबी



राजीव चितालिया
चेयरमैन
प्लास्ट इंडिया 2018, एनईसी

**प्लास्ट इंडिया में पहली बार भारत से लेकर विदेशों तक कुल 70 रोड शोज आयोजित किये गये हैं। वैसे देखा जाये तो कोई भी प्रमोशन सिर्फ उसी शो को फायदा नहीं पहुँचाता, बल्कि वह प्रमोशन अगले शो के लिए भी लाभदायक होता है। कुल मिलाकर इस शो के लिए हम लोगों की मेहनत कामयाब होगी और इसका लाभ अगले शो को भी मिलेगा।**

**प्लास्ट इंडिया 2018 के एन0ई0सी0 चेयरमैन श्री राजीव चितालिया का व्यक्तित्व इतना व्यवहार कुशल है कि वे बेहद विपरीत परिस्थितियों को भी अपनी मृदुल मुस्कान और गजब की सम्मोहन क्षमता से अपने अनुकूल बना लेते हैं। द प्लास्टिक्स इक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष श्री चितालिया में सांगठनिक क्षमता कूट-2 कर भरी है जिसका परिणाम है कि इस बार उन्होंने इस महाप्रदर्शनी की एन0ई0सी0 को पहली बार नये सिरे से ईस्ट, साउथ, वेस्ट व नार्थ जोन में बांटकर सुव्यवस्थित तरीके से प्लास्ट इंडिया 2018 के नेशनल प्रमोशन पर बहुत ही गम्भीरता से ध्यान दिया है। कमेटी में कई अन्य महत्वपूर्ण फेर बदल के साथ ही उन्होंने पश्चिम जोन की कमेटी से महाराष्ट्र व गोवा का दूसरा कमेटी चेयरमैन नियुक्त करते हुए इस प्रदेश पर भी काफी ध्यान दिया। शायद श्री चितालिया ने यह बात पहले ही भांप ली थी कि देश में प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग के सबसे बड़े गढ़ के रूप विख्यात पश्चिम भारत, प्लास्ट इंडिया 2018 में अपनी बड़ी भूमिका अदा कर सकता है।**

**बहरहाल श्री राजीव चितालिया के नेतृत्व में प्लास्ट इंडिया 2018 का प्रमोशन न केवल बेहद धुंआदार तरीके से चला है बल्कि इस बार इस महाप्रदर्शनी की एन0ई0सी0 अपने चेयरमैन के नेतृत्व में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश में लगातार जुटी है। हलांकि श्री राजीव चितालिया इससे पूर्व प्लास्ट इंडिया 2015 की एन0ई0सी0 के को- चेयरमैन के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं, ऐसे में पूर्व का अनुभव इस बार उनके बहुत काम आ रहा है। प्लास्ट इंडिया 2018 को लेकर कई महत्वपूर्ण सवालों के साथ गत दिनों देश की सबसे बड़ी हिन्दी बिजनेस पत्रिका 'संयुक्त व्यापार' मुंबई में इन्हीं श्री राजीव चितालिया से मुखातिब हुई। प्रस्तुत है वार्ता के महत्वपूर्ण**

**संयुक्त व्यापार**—प्लास्ट इंडिया 2018 के एन0ई0सी0 चेयरमैन के रूप में आप किस प्रकार का अनुभव कर रहे हैं?

**श्री राजीव चितालिया**—प्लास्ट इंडिया 2018 की एन0ई0सी0 में प्लास्टिक इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान रखने वाले तमाम महत्वपूर्ण लोग शामिल हैं। यह लोग अपनी कम्पनी का काम छोड़कर जिस सेवा भावना से प्लास्ट इंडिया 2018 की सफलता हेतु दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं, वह बहुत बड़ी बात है। इतने बड़े-बड़े लोगों के साथ मुझे काम करने का मौका मिल रहा है। यह मेरे लिये खुशी की बात है। इस आयोजन समिति की प्रत्येक कमेटी प्लास्ट इंडिया 2018 की सफलता हेतु जिस तरह से मेरा सहयोग कर रही है वह मेरी खुशनसीबी है।

**संयुक्त व्यापार**—प्लास्ट इंडिया 2018 में

आप लोगों ने दो लाख से अधिक विजिटर्स का लक्ष्य रखा है?यह कैसे संभव होगा?

**श्री राजीव चितालिया**–किसी के पास जब तक लक्ष्य नहीं होता तब तक वह आगे नहीं बढ़ता। प्लास्ट इंडिया 2018 में हम लोगों ने दो लाख विजिटर्स का लक्ष्य रखा है, और इसे हर हाल में हासिल किया जायेगा। यदि सिर्फ प्रोसेसर्स की ही बात करें तो 60 हजार प्रोसेसर इकाइयां हैं। जिनमें करीब पौने तीन लाख डिसीजन मेकर्स हैं। इसके अलावा भी तमाम क्षेत्र हैं। इस बार रीजन स्तर पर हमारे कमेटी चेयरमैन अपनी टीम सहित काफी मेहनत कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि हमारा आनलाइन रजिस्ट्रेशन 75 हजार से भी अधिक पहुँच चुका है।

प्लास्ट इंडिया में पहली बार भारत से लेकर विदेशों तक कुल 70 रोड शोज आयोजित किये गये हैं। वैसे देखा जाये तो कोई भी प्रमोशन सिर्फ उसी शो को फायदा नहीं पहुँचाता, बल्कि वह प्रमोशन अगले शो के लिए भी लाभदायक होता है। कुल मिलाकर इस शो के लिए हम लोगों की मेहनत कामयाब होगी और इसका लाभ अगले शो को भी मिलेगा।

**संयुक्त व्यापार**–विजिटर्स व एग्जिबिटर्स के लिहाज से इस बार किस तरह की सुविधायें प्रदान की गई है।

**श्री राजीव चितालिया**–इसके लिए हम लोग कई तरह से काम कर रहे हैं। ट्रांसपटेशन की व्यवस्था में पार्किंग से वेन्यू और वेन्यू से पार्किंग तक कुल 40 बसों की व्यवस्था की गई है।

विजिटर्स की सुविधाओं को देखते हुए इस बार के आयोजन में ज्यादातर गेट ओपेन रहेंगे, इनमें से कहीं भी कार्ड दिखाकर प्रवेश किया जा सकता है। इसी तरह फेयर ग्राउंड पर तीन लाकर रूम की व्यवस्था की गई है जिसका फायदा यहाँ आने वाले विजिटर्स उठायेंगे।

रेलवे स्टेशन अहमदाबाद से दो अलग–अलग रूट द्वारा बसें जायेंगी इसके अलावा एयर पोर्ट पर भी प्लास्ट इंडिया की बसें उपलब्ध रहेंगी। यह बसें कई महत्वपूर्ण लोकेशन पर होगी। हमारा Uber के साथ भी टाइअप हो गया है।

प्लास्ट इंडिया 2018 में आनलाइन रजिस्ट्रेशन करने वाले अथवा हमारा एप डाउनलोड करने वाले विजिटर्स इस बार अपने मोबाइल द्वारा कई सुविधाओं का लाभ उठायेंगे।

जिन शहरों से अहमदाबाद के लिए डायरेक्ट एयर कनेक्टिविटी नही है वहाँ एसोसियेशन की मांग पर प्लास्ट इंडिया द्वारा बसों की व्यवस्था करायी जायेगी।

दिल्ली की एक कम्पनी किराये पर चार्टर प्लेन उपलब्ध कराती है जिसमें 185 सीटें हैं यदि इतने पैसेन्जर कहीं होते हैं या कोई डेलीगेशन है तो वह प्लेन उपलब्ध होगा क्योंकि उस कम्पनी से भी हम लोगो का टाइअप है।

यदि कोई आनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन प्लास्ट इंडिया 2018 में करता है तो उसको एक प्रोमो कोड मिलता है जिसके द्वारा सम्बन्धित व्यक्ति को जेट एयरवेज की फ्लाइट में उस दिन के फेयर में 10 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलने वाला है,एम0एस0एम0ई0 के अन्दर आने वाले उद्योगों के लिए हम लोगों ने एम0एस0एम0ई0 को प्रपोजल भेजा है। जहाँ इन्हें एक लाख रू0 से कम में 6 मीटर की स्टाल उपलब्ध हो सके।

**संयुक्त व्यापार**–गुजरात सरकार से आप लोगों ने क्या मांग की है ? उस तरफ से किस तरह की सुविधायें मिल रही है ?

**श्री राजीव चितालिया**–प्लास्ट इंडिया 2018 को लेकर गुजरात सरकार का रूख काफी सकारात्मक है। हलांकि यहाँ अभी तक चुनाव चल रहे थे अब चुनाव सम्पन्न हो गया है तो उम्मीद है कि नवनिर्वाचित सरकार इस महाप्रदर्शनी की ओर पूरा ध्यान देगी। पिछली बार की तरह इस बार भी मशीनों की खरीद पर सब्सिडी मिलने की उम्मीद है।

हलांकि हम लोगों ने लोकल बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने तथा ट्रेफिक मैनेजमेंट समेत कई अन्य सुविधाओं के लिए सरकार से सहयोग की अपील की है।

**किसी के पास जब तक लक्ष्य नहीं होता तब तक वह आगे नहीं बढ़ता। प्लास्ट इंडिया 2018 में हम लोगों ने दो लाख विजिटर्स का लक्ष्य रखा है, और इसे हर हाल में हासिल किया जायेगा।**

**संयुक्त व्यापार**–होटल की व्यवस्था को लेकर इस बार आप लोगों ने इतनी तत्परता क्यों दिखाई?

**श्री राजीव चितालिया**–क्योंकि पिछली बार होटल के बढ़े दामों ने हमारे विजिटर्स व एग्जिबिटर्स दोनों के सामने काफी मुश्किल खड़ी की थी। ऐसे में ब्लैक मार्केटिंग से बचने के लिए प्लास्ट इंडिया टीम ने डिसीजन लिया कि 10 करोड़ रू0 होटल में इन्वेस्ट किया जाये। आज इसी का परिणाम है कि प्लास्ट इंडिया पुराने कास्ट में अपने विजिटर्स को होटल उपलब्ध करा पा रहा है।

**संयुक्त व्यापार**–एन0ई0सी0 चेयरमैन के रूप में आप प्लास्ट इंडिया 2018 के एग्जिबिटर्स व विजिटर्स से क्या कहेंगे?

**श्री राजीव चितालिया**–एग्जिबिटर्स से यही कहूंगा कि प्लास्ट इंडिया तीन साल में एक ही बार होता है इसलिए वे अपना अच्छे से अच्छा प्रोडक्ट डिस्प्ले करें। हर विजिटर्स को पूरी सूचना मिल सके ऐसी व्यवस्था इस बार प्लास्ट इंडिया ने की है। यदि एग्जिबिटर्स पूरी जानकारी सही तरीके से फिल अप करता है तो विजिटर्स को ढूढ़ने में आसानी होगी।

इस बार एग्जिबिटर्स व विजिटर्स दोनों को प्लास्ट इंडिया द्वारा व्यवस्थित की गई इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी का पूरा लाभ मिलने वाला है। 'संयुक्त व्यापार' के माध्यम से मैं हर विजिटर्स व एग्जिबिटर्स से यही कहूंगा 2018 में प्लास्ट इंडिया ने जो सुविधाये प्रदान की है वे उनका पूरा लाभ लें।■

# प्लास्ट इंडिया फॉउंडेशान प्लास्टिक इंडस्ट्री का सौभाग्य

## –एम.पी.तापड़िया

### मैनेजिंग डायरेक्टर, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लि.

**चाइना का प्लास्टिक प्रोडक्ट इक्सपोर्ट वर्ष 15-16 में 137.8 बिलियन डालर हुआ, उनके सामने अपने भारत वर्ष में वर्ष 15-16 के अन्दर प्लास्टिक प्रोडक्ट इक्सपोर्ट हुआ 5.91 बिलियन डालर। अब आप सोचिए! कितना बड़ा अन्तर है, इसके लिए सरकार को गम्भीरतापूर्वक इस पर स्टडी करना चाहिए व आवश्यक कदम उठाने चाहिए।**

सुप्रीम इंडस्ट्रीज, प्लास्टिक व्यवसाय ही नहीं वरन् समूचे भारतीय उद्योग जगत में एक जाना-पहचाना प्रतिष्ठित नाम है। पिछले 52 साल के सफर में इस कम्पनी ने अपने मैनेजिंग डायरेक्टर श्री एम0पी0 तपरिया के नेतृत्व में सफलता के कई आयाम गढ़े हैं। बताते चलें कि श्री एम0पी0 तपरिया एक ऐसी शख्शियत हैं जिन्हें प्लास्टिक इंडस्ट्री की नई पीढ़ी के तमाम लोग अपना आदर्श बिन्दु मानते हैं।

देश के प्लास्टिक व्यवसायियों की सर्वोच्च संस्था प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन ने अपने बहु प्रतिक्षित आयोजन प्लास्ट इंडिया 2018 के दौरान जहाँ उन्हें अपने नेशनल एडवाइजरी बोर्ड (एन0ए0बी0) का चेयरमैन चुना है, वहीं अपने सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट प्लास्ट इंडिया इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी (पी0आई0यू0) की इंडस्ट्री एडवाइजरी कौंसिल के चेयरमैन का दायित्व सौंपा है।


विद्वता से परिपूर्ण बेहद सरल व सहज स्वभाव के इन्हीं श्री एम0पी0 तपरिया से गत दिनों उनके मुंबई स्थित कार्यालय में देश की सबसे बड़ी हिन्दी बिजनेस पत्रिका 'संयुक्त व्यापार' के सम्पादक शिवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने मुलाकात की, प्रस्तुत है उनसे हुई वार्ता के महत्वपूर्ण अंश-

**संयुक्त व्यापार**—प्लास्टिक इंडस्ट्री में किस तरह की चुनौतियां देखते हैं आप?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**—यदि हम पुराने जमाने के हिसाब से देखें तो अब प्लास्टिक इंडस्ट्री के अन्दर चुनौतियां पहले से काफी कम हो गई है। हलांकि प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग न हो पाना आज की एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि लोग प्लास्टिक को यूज करने के बाद इधर–उधर फेंक देते हैं और बाद में वह चारों तरफ फैला हुआ दिखता है, तो ऐसे में यह जो विज्ञान की अनमोल देन है प्लास्टिक, उसकी बड़ी बदनामी होती है। इसलिए प्लास्टिक कचरे का सही दिशा में उपयोग किस तरह किया जाय यह एक चैलेंज है। अब जैसा कि आपका सवाल है चुनौती वह बहुत बड़ा शब्द है, दुनियां की तमाम टॉप कम्पनियाँ प्लास्टिक की चुनौतियों को हैंडिल करने की कोशिश कर रही हैं। प्लास्टिक वेस्ट को कलेक्ट करवाकर उसे फीडस्टॉक के रूप में यूज करने के लिए तकनीकी रूप से विश्व स्तर पर काम हो रहा है और हमें उम्मीद है कि इसमें एक बड़ी सफलता भी मिल जायेगी, उसके बाद एक मुद्दा यह आयेगा कि वेस्ट को एक समय के अन्दर कैसे कलेक्ट करना है, कैसे यूज करना है, और फिर कैसे कलेक्ट करना है। यही प्रकिया आगे अनवरत चलती रहेगी।

**संयुक्त व्यापार**—प्लास्ट इंडिया 2018 पर आप क्या टिप्पणी करेंगे?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**—यह जो प्रदर्शनी हो रही है



प्लास्ट इंडिया 2018, यह प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन की एक ऐसी बड़ी उपलब्धि है जो अपनी हर पिछली उपलब्धि से बड़ी होती है। इस बार प्लास्ट इंडिया 2018 जिस प्रकार से अपने पिछले अनुभवों से सीखते हुऐ बेहद व्यवस्थित तरीके से नये इम्प्रूवमेंट के साथ गुजरात के गांधीनगर में अवतरित हो रहा है, वह निश्चित रूप से बहुत उपयोगी होगा। देश और विदेश से बहुत भारी तदाद में क्वालिटी विजिटर्स शिरकत करने वाले हैं इससे निश्चित रूप से इंडस्ट्री के व्यापार में एक बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। यहां जो विजिटर्स आयेंगे और जो एग्जीबिशंन की पूरी डिटेल पढ़ कर आवेंगे तो वें अपनी इस विजिट का पूरा लाभ हासिल कर सकेंगे।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्टिक इंडस्ट्री में आगे किस तरह का भविष्य देखते है आप?

**श्री एम0 पी0 तापड़िया**–हमारी कम्पनी में हम लोग प्लास्टिक लाइन में आये थे 1966 में, उस समय हम लोग पूछते थे भाई इस लाइन में भविष्य क्या है? तो लोग कहते थे कि यह एक सनराइज इंडस्ट्री है। आज 52 साल बाद अगर मुझसे कोई पूछे कि भाई इस लाइन में भविष्य क्या है तो आज भी हम कहेंगे कि यह एक सनराइज इंडस्ट्री है। यदि यह हमारे सामने पिछले 52 सालों से लगातार सनराइज इंडस्ट्री बनी हुयी है तो बड़ी बात है, अब जबकि इलेक्ट्रिकल व्हाइकल का टाइम आ गया है, रिनोअबल एनर्जी का टाइम आ गया है तो फीडस्टॉक प्लास्टिक रा मैटेरियल बनाने वालों को बहुत अधिक मात्रा में मिलने लग जायेगीं, ज्यादा प्लांट आयेंगे, प्लास्टिक रा मैटेरियल ज्यादा बनेगा, जिससे व्यापार में और अधिक बढ़ोत्तरी आयेगी। प्लास्टिक 21वी सदी का सबसे आश्चर्यजनक पदार्थ है जिसकी गुणवत्ता लगातार बढ़ रही हैं। आज कच्चे माल की कोई भी दिक्कत दिखती नहीं है, सरकार की लाइसेंस प्रकिया में कोई दिक्कत नहीं है। एक जमाना था जब इम्पोर्ट, लाइसेंस, फारेन रा मैटेरियल लाइसेंस जैसी कई तरह की रूकावटें थी। जबकि आज कोई रूकावट नही रही है। आज आप रिसोर्स अरेन्ज कर सको, मार्किट डवलप कर सको, कोई तकनीक विकसित कर सको तो देश में ही एक बड़ा बाजार है।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्ट इंडिया 2018 के एन0ए0बी0 चेयरमैन के रूप में प्लास्ट इंडिया के बारे में आप क्या विचार व्यक्त करेंगे?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**–यह प्लास्टिक इंडस्ट्री का सैभाग्य है कि पिछले तीन दशकों से प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन प्लास्टिक इंडस्ट्री की प्रगति के लिए काम कर रहा है, यहाँ जो भी एग्जिबिशन होता है वह बाई द इंडस्ट्री, आफ द इंडस्ट्री, फार द इंडस्ट्री। इंडस्ट्री में तमाम कम्पनियों के जो मालिक लोग हैं मिशनरी भाव से इस बड़ी प्रदर्शनी को खड़ा करते हैं। अपना बहुमूल्य समय व्यापार से हटाकर इस प्रदर्शनी में लगाते है। यह देख कर बड़ी प्रसन्नता होती है कि आज के इस व्यस्त वातावरण में यह सभी लोग संयुक्त रूप से इतना परिश्रम करके एक शानदार प्रदर्शनी खड़ा करतें है, आशा करूंगा कि इनकी एकता कायम रहे।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्ट इंडिया 2018 के वर्तमान आयोजन, पूर्व के आयोजन व भविष्य के आयोजन पर कुछ टिप्पणी करेंगे?

**श्री एम0 पी0 तापड़िया**–हमारा मानना है कि गुजरात के गांधीनगर में प्रदर्शनी स्थल सीमित है। जैसा कि अब प्लास्ट इंडिया की प्रदर्शनी काफी बड़ी हो गयी है ऐसे में मेरा मानना है कि वर्ष 2021 में आगे जब प्लास्ट इंडिया का आयोजन होगा तब तक दिल्ली का प्रगति मैदान पूरी तरह तैयार हो चुका होगा। हमारी अपेक्षा है कि जो अगली प्लास्ट इंडिया प्रदर्शनी हो वह दिल्ली की प्रगति मैदान के अन्दर हो।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन के ड्रीम प्रोजेक्ट प्लास्ट इंडिया इण्टरनेशनल युनिवर्सिटी (PIU) के बारे में आप क्या कहेंगे?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**–मैं प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन को इस बात के लिए बहुत–बहुत साधुवाद देता हूँ कि वह गुजरात के वापी में प्लास्ट इंडिया इण्टरनेशलन युनिवर्सिटी पी0आई0यू0 के नाम से बहुत बड़ा संस्थान खड़ा कर रही है। जिस हेतु इन्होंने अमेरिका की LOWEL युनिवर्सिटी के साथ टाइअप किया है और जिसमें प्लास्टिक से सम्बन्धित क्षेत्र में उच्चतम शिक्षा मिलेगी, जिसमें रिसर्च का भी काम होगा। उम्मीद है कि इस संस्थान से देश को बड़ा दूरगामी लाभ मिलेगा। प्लास्टिक से सम्बन्धित मैटेरियल में बहुत ज्यादा रिसर्च, डवलपमेंट व इनोवेशन की जरूरत है, इस दिशा में प्लास्टिक इंडस्ट्री के सभी साथियों के सहयोग से प्लास्ट इंडिया



**"यह प्लास्टिक इंडस्ट्री का सौभाग्य है कि पिछले तीन दशकों से प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन प्लास्टिक इंडस्ट्री की प्रगति के लिए काम कर रहा है।"**

फाउंडेशन द्वारा संचालित होने वाला पी0आई0यू0 एक बड़ी भूमिका अदा करने जा रहा है।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्टिक इमेज पर आये दिन सवाल खड़े होते है इस पर क्या कहेंगे?


**श्री एम0पी0 तापड़िया**–क्या सवाल है, यही की कैरी बैग वगैरह वातावरण को प्रदूषित करते है। जबकि सही बात तो यह है कि प्लास्टिक वेस्ट का सही तरीके से कलेक्शन नहीं हो रहा है। यदि कलेक्शन की सही व्यवस्था बन जाये तो यह प्लास्टिक वेस्ट कोई कचरा नहीं बल्कि वह तो मूल्यवान वस्तु है। उसे कलेक्ट करके रिसाइकिल कीजिए तो धन ही धन है उसके लिए। आज सोचिए तो प्लास्टिक का कोई विकल्प ही नहीं है। मैं दुबारा कहता हूँ कि प्लास्टिक एक आर्श्चयजनक पदार्थ है। प्लास्टिक कचरा जो फेंका जा रहा है वह लोग धन फेंक रहे है।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्टिक इंडस्ट्री के अन्दर आने वाले दिनों में किस तरह का इनोवेशन या बदलाव आप देख रहे है?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**–यहाँ प्रत्येक मिनट प्रतिदिन बदलाव हो रहे हैं। रोज नये सोल्युशन आ रहे हैं, हम पहले से बेहतर कैसे कर सकते हैं इस पर निरन्तर कार्य चलता रहता है। आज खेती में प्लास्टिक का बड़ा योगदान होने लग गया है। इसी तरह कई अन्य नये क्षेत्रों में प्लास्टिक का उपयोग लगातार बढ़ा है।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्टिक इंडस्ट्री के एक उद्योगपति के रूप में सरकार से आपकी अपेक्षाएं क्या है?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**–एक बहुत बड़ी अपार्च्युनिटी जो इंडिया वालों को मिलती नही है जिसका उल्लेख मैं आपके माध्यम से जनता को, सरकार को, और जो प्लास्टिक इंडस्ट्री है, सभी को करना चाहूँगा। जिसका प्लास्ट इंडिया 2018 में बहुत बड़ा प्रयास किया गया है कि कई बड़े ही सीरियस बिजनेस विजिटर्स प्लास्टिक प्रोडक्ट लेने के लिए यहाँ आ रहे हैं, हमें उम्मीद है कि उनके आने से



**"मैं प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन को इस बात के लिए बहुत-बहुत साधुवाद देता हूँ कि वह गुजरात के वापी में प्लास्ट इंडिया इण्टरनेशलन युनिवर्सिटी (पी0आई0यू0) के नाम से बहुत बड़ा संस्थान खड़ा कर रही है"**

प्लास्टिक प्रोडक्ट का इक्सपोर्ट बढ़ेगा, प्लास्टिक प्रोडक्ट इक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए सबसे बड़ा कष्ट यह है कि जो पॉलिसी देश में अभी तक बनी है वह प्लास्टिक प्रोडक्ट के पीछे लेबर ओरियेंटेड इंडस्ट्री प्रोडक्ट उसको फैसेलिटियेट करने के लिए एक भी सॉलिड एक्शन सरकार ने लिया नहीं है। ऐसे में प्लास्टिक प्रोडक्ट के इक्सपोर्ट को सही तरह से बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। इसे बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से इसका हल निकाला जाना चाहिए। इसके लिए एक उदाहरण आपको देता हूँ कि चाइना का प्लास्टिक प्रोडक्ट इक्सपोर्ट वर्ष 15–16 में 137.8 बिलियन डालर हुआ, उनके सामने अपने भारत वर्ष में वर्ष 15–16 के अन्दर प्लास्टिक प्रोडक्ट इंक्सपोर्ट हुआ 5.91 बिलियन डालर। अब आप सोचिए! कितना बड़ा अन्तर है, इसके लिए सरकार को गम्भीरतापूर्वक इस पर स्टडी कराना चाहिए। इससे जुड़े हुए जो लोग है उन सबको मिलाकर इस पर राय एकत्र करनी चाहिए, और समस्याओं को दूर किया जाना चाहिए। देश में आज सरकार को जॉब बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है, देश का इक्सपोर्ट बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है। सरकार ने एनाउंस कर दिया कि हमको इक्सपोर्ट 1 टिलियन डालर लेकर जाने का है। 1 टिलियन डालर लेकर जाने के लिए कई कदमें है उनमें हमारी अपेक्षा है कि सरकार प्लास्टिक प्रोडक्ट को भी मद्दे नजर रखेगी। उस एक टिलियन डालर में प्लास्टिक प्रोडक्ट भी बहुत अच्छी भूमिका अदा कर सकता है।

अब हम उम्मीद करते है कि इस एग्जीबिशन के बाद में सरकार इस दिशा में बहुत ही गम्भीरता से सोचेगी। क्योंकि जब तक क्षमता बहुत बड़े रूप में नही होगी तब तक बहुत बड़े पैमाने पर इक्सपोर्ट नही हो पायेगा।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्टिक इंडस्ट्री के अन्दर करियर बनाने के इच्छुक युवाओं से आप क्या कहेंगे ?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**–कठिन परिश्रम, सकारात्मक नजरिया और क्वालिटी।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्ट इंडिया 2018 के एग्जीबिटर्स व विजिटर्स से आप क्या कहना चाहेंगे?

**श्री एम0पी0 तापड़िया**–विजिटर्स व एग्जीबिटर्स यदि डिजिटल में पूरा स्टडी करके आयेंगे तो उन्हें प्लास्ट इंडिया 2018 के अन्दर अपने समय का सही मूल्य मिलेगा क्योंकि समय बहुत मूल्यवान होता है। इस प्रदशर्नी में भाग लेने वालो के व्यापार में बहुत वृद्धि होने वाली है। देश की आर्थिक प्रगति में इसका एक अच्छा योगदान रहने वाला है। ■

# प्लास्ट इंडिया के लिए देश की राजधानी एक मात्र विकल्प



**वजूभाई वघासिया**
पूर्व अध्यक्ष
लघु उद्योग भारती

लघु उद्योग भारती के पूर्व अध्यक्ष श्री वजू भाई वघासिया प्लास्टिक इंडस्ट्री के एक जाने–पहचाने चेहरे हैं। अहमदाबाद में 'संयुक्त व्यापार' से हुई एक मुलाकात के दौरान श्री वजू भाई ने कहा कि प्लास्ट इंडिया यहां दूसरी बार हो रहा है लेकिन पिछली बार  ट्रांसपोटेशन सहित रहने खाने को विजिटर्स की काफी शिकायतें मिली हैं और मुझे लगता है कि इस बार इसमें सुधार हुआ होगा, हालांकि सरकार की तरफ से जितना आश्वासन मिलता है उतना काम होता नहीं है। इसलिए इस बार प्लास्ट इंडिया की सभी सुविधाएं प्रोफेशनल तरीके से होंगीं तो यह ज्यादा अच्छा होगा ।

श्री वजू भाई आगे कहते हैं कि प्लास्ट इंडिया की वजह से हमारी गुजरात की प्लेक्सपो प्रदर्शनी जो पिछले कई वर्षों से हो रही है उस पर भी प्रभाव पड़ रहा है, इस तरह ना तो प्लास्ट इंडिया को फायदा है और ना प्लेक्सपो  को फायदा है। ऐसे में मेरा मानना है कि प्लास्ट इंडिया जैसी इंटरनेशनल प्रदर्शनी को दिल्ली या मुंबई में आयोजित होनी चाहिए, क्योंकि पूरा विश्व इन दोनों शहरों को जानता व मानता है। श्री वजू भाई ने आगे कहा की गुजराती होने के नाते मैं मानता हूं कि प्लास्ट इंडिया गांधीनगर में ही हो तो अच्छा है, परंतु देश की शर्त पर राष्ट्र की शर्त पर मैं गुजरात के बजाय राष्ट्र को महत्व देता हूं, ऐसे में मेरा मानना है कि प्लास्ट इंडिया  प्रदर्शनी देश की राजधानी में हो तो बेहतर है, श्री वजू भाई के अनुसार प्लास्ट इंडिया ने गुजरात के वापी में प्लास्ट इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (पीआईयू) की स्थापना का निर्णय लेकर बहुत ही सराहनीय काम किया है। जिसके लिए हमारी बहुत सारी शुभकामनाएं हैं। ■



# प्लास्ट इंडिया के लिए अहमदाबाद पड़ रहा है छोटा



**राजीव त्रिवेदी**

प्लास्टिक इंडस्ट्री के अंदर अपनी व्यवहार कुशलता की वजह से लोगों के बीच एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले श्री राजीव त्रिवेदी 'प्रसाद ग्रुप' की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गत दिनों अहमदाबाद में 'संयुक्त व्यापार' से हुई एक मुलाकात के दौरान श्री त्रिवेदी ने प्लास्ट इंडिया 2018 के संदर्भ में बात करते हुए कहा कि प्लास्ट इंडिया दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी प्लास्टिक प्रदर्शनी है और यह आनंद की बात है कि इस प्रदर्शनी में देश दुनिया के बड़े–बड़े एग्जिबिटर्स भागीदारी निभाते हैं परंतु इतनी बड़ी प्रदर्शनी के लिए अहमदाबाद जैसी जगह छोटी पड़ रही है । होटल के रेट से लेकर ट्रांसपोर्ट तक पिछली बार समस्याएं झेलनी पड़ी थी। इस बार इस पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, हालांकि गुजरात में सबसे ज्यादा मशीन मैन्युफैक्चरर्स हैं, उस लिहाज से हम लोगों के लिए गुजरात की प्रदर्शनी ज्यादा सुविधाजनक है बावजूद इसके यहां कई छोटी–छोटी समस्याएं हैं जिस पर ध्यान देना चाहिए, श्री त्रिवेदी आगे कहते हैं कि प्लास्ट इंडिया 2018 के लिए हमारी शुभकामनाएं हैं कि इसमें पहले से ज्यादा विजिटर्स आएं और यह काफी सफल हो। ■

# प्लास्टिविजन इंडिया 2020

# एग्जिबिटर्स के लिए अच्छा मौका

## – रितुराज गुप्ता



**चेयरमैन–प्लास्टिविजन इंडिया 2020**

बेहद धीर गंभीर मेहनती व ईमानदार व्यक्तित्व के धनी एप्मा के पूर्व अध्यक्ष श्री रितुराज गुप्ता ने इस बार मुम्बई में आयोजित होने वाली देश की प्रतिष्ठित प्लास्टिक प्रदर्शनी प्लास्टिविजन इंडिया की कमान सम्हाली है। बताते चलें कि श्री रितुराज गुप्ता पिछले 17 वर्षों से एप्मा से जुड़े हैं, इससे पूर्व 2013 में वे जहाँ एप्मा के सचिव थे वहीं 2014 में इस एसोसिएशन का प्रेसीडेन्ट बनने के बाद वर्ष 2017 में प्लास्टिविजन इंडिया के बतौर को–चेयरमैन वे अपने गंभीर अनुभवों से इस आयोजन को अपनी उल्लेखनीय सेवायें दे चुके हैं। श्री गुप्ता मुंबई के बेहद प्रतिष्ठित गोरेगाँव स्पोर्टस क्लब के भी अध्यक्ष हैं। श्री रितुराज का सामाजिक सरोकारों से गहरा लगाव ही उन्हें विशिष्ट बनाता है। प्लास्टिविजन 2020 को सफल बनाने हेतु पूरी मजबूती से जुटे इन्हीं श्री गुप्ता से गत दिनों देश की सबसे बड़ी हिन्दी बिजनेस पत्रिका 'संयुक्त व्यापार' के संपादक शिवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने प्लास्टिविजन से जुड़े कुछ सवालों को लेकर मुलाकात की, प्रस्तुत है वार्ता के महत्वपूर्ण अंश –

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्टिविजन इंडिया 2018 को लेकर क्या कहना चाहेंगे?

**श्री रितुराज गुप्ता**–प्लास्टिविजन इंडिया हमेशा अपने पिछले एग्जिबिशन से कुछ न कुछ सीख कर अगले एग्जिबिशन को बेहतर बनाने की कोशिश करता है। तमाम रोड शो व विभिन्न प्रकार से प्रमोशन के जरिये हम लोगों का प्रयास होगा कि इस बार कम से कम ढाई लाख विजिटर्स इस प्रदर्शनी में शिरकत करें। प्लास्टिविजन 2017 में दो हजार करोड़ रूपये की मशीनें बिकी, ऐसे में प्लास्टिविजन 2020 को लेकर न केवल हमारे एग्जिबिटर्स बल्कि हम भी उत्साहित हैं। कैलाश मुरारका, राजू देसाई, अरविन्द महेता, सहित कोर कमेटी के लोगों का अनुभव भी हमारे काफी काम आयेगा।

**संयुक्त व्यापार**–इस प्रदर्शनी को पहले से ज्यादा बेहतर बनाने के लिए क्या कर रहे हैं?

**रितुराज गुप्ता**–पिछली प्रदर्शनी में एग्जिबिटर्स को कोई असुविधा नहीं हुई, कास्ट इफेक्टिव रहा, विजिटर्स के लिए लगेज रूम व शावर की व्यवस्था थी, ऐसी ही अनेक सुविधायें प्लास्टिविजन इंडिया 2020 में भी होगी। आनलाइन जितना विजिटर रजिस्ट्रेशन होगा वह सारा डाटा हम लोग एग्जिबिटर्स के साथ शेयर करेंगे। 2017 में जो इंटरनेशनल स्तर की व्यवस्थायें हम लोगों ने दी थी, 2020 में हम उन सभी बातों का ख्याल करेंगे। एप्मा का शुरू से ही ध्येय पैसा कमाना नहीं रहा, बल्कि हम अपने विजिटर्स व एग्जिबिटर्स को ज्यादा से ज्यादा सुविधायें दे सकें यह हमारी कोशिश होती है।

**संयुक्त व्यापार**–दिल्ली में प्लास्टिविजन 2019 के कैंसिल होने से क्या प्लास्टिविजन इंडिया की शाख पर असर नही पहुँचा है?क्या इसका 2020 पर कोई असर होगा?

**श्री रितुराज गुप्ता**–बिल्कुल नहीं, बल्कि इससे प्लास्टिविजन इंडिया की छवि मजबूत होकर उभरी है। हम लोगों ने नार्थ के एग्जिबिटर्स की बेहद मांग पर 2016 में बुकिंग की थी। उस समय वहाँ एक लाख स्क्वायर मीटर जगह देने का वायदा था। परन्तु इधर प्रगति मैदान के पुर्ननिर्माण की वजह से हमें पर्याप्त जगह मिल नहीं पा रही, ऐसे में हम लोगों ने एग्जिबिटर्स की असुविधाओं व परेशानियों को देखते हुये एग्जिबिशन वापस लिया। इसका 2020 पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हमारे इस डिसीजन से लोग खुश हैं। इससे हमारी विश्वसनीयता बढ़ी है।

**संयुक्त व्यापार**–प्लास्टिविजन 2020 को लेकर आप एग्जिबिटर्स से क्या कहना चाहेंगे?

**रितुराज गुप्ता**–"प्लास्टिविजन इंडिया 2020" एग्जिबिटर्स के लिए एक अच्छा मौका है। हमारे पिछले शो में 2 लाख 10 हजार विजिटर्स थे और इस बार ढाई लाख विजिटर्स का लक्ष्य रखा गया है। इस लिए एग्जिबिटर्स के लिए यह शो बेहद महत्वपूर्ण है।

**संयुक्त व्यापार**–छोटे उद्यमियों के लिए प्लास्टिविजन इंडिया 2020 में क्या व्यवस्था होगी?

**रितुराज गुप्ता**–प्लास्टिविजन इंडिया में एम0एस0एम0ई0 से सम्बन्धित छोटे उद्यमियों के लिए पहले भी ध्यान दिया गया है और 2020 में भी पूरा ध्यान दिया जायेगा। पिछली बार 20 लाख की सब्सिडी सरकार द्वारा दी गई। इस बार भी हम बेहतर प्रयास करेंगे। सूक्ष्म उद्यमियों के लिए भी न्यूनतम 1 मीटर पैनल की व्यवस्था न्यूनतम खर्चे में हर बार की तरह इस बार भी किया जायेगा जिससे वह न्यूनतम खर्च में अपने प्रोडक्ट का प्रदर्शन कर सकें।

**संयुक्त व्यापार**–सुना है कि प्लास्टिविजन इंडिया 2020 में इक्सपोर्ट से सम्बन्धित किसी वर्कशाप की भी तैयारी में है आप लोग?

**रितुराज गुप्ता**–जी हां! इक्सपोर्ट के लिए एक वर्कशाप की योजना है जिसके लिये कामर्स मिनिस्ट्री से हम लोगों ने रिक्वेस्ट किया है। जिस पर केन्द्रीय मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी ने सहमति भी जताई है। ■




**JK Master Batch Private Limited** is one of **Asia's leading Color & Additive Masterbatch & Polymer Compound manufacturers.** The company has been providing an advanced level of solutions to the plastic processing industry's ever changing and challenging needs.

**JK Master Batch Private Limited** has been awarded ISO 9001:2008 for establishing and applying a Quality Management System for Development and Manufacture of Colour & Additive Master batches in India.

**JK Group** is providing high quality products & services to its customers.

**JK Group** plant is situated in New Delhi, Bahadurgarh and Rudrapur(Pantnagar) equipped with state-ofart machinery. Its production system is highly flexible, enabling it to fast and efficiently handle even small orders and special requests. In addition, a fully equipped laboratory is in place for development of new products and for quality control according to the strictest specifications.

JK Group computer color-matching system permits fast and reliable matching and development of any new shade.

**We Specialize in:**

- Additive Masterbatches
- White Masterbatches
- Black Masterbatches
- Color Masterbatches
- Filler Compounds
- Special Effect Masterbatches
- Calcium Carbonate Masterbatches
- Master Organic Colour Masterbatches
- Master Organic Colour for Plastics

**Production Technology.**
**Raw Material Selection & Quality Control.**
**Product Range & Global Presence.**
**Customer Satisfaction.**

## JK Master Batch Private Limited
## JK Paras Polycoats Limited

**WZ-1, Hind Nagar, Tilak Nagar**
**New Delhi- 110018 (INDIA)**
**Contact/ Whatsapp:+91-8510974777, 8546027001**
**EMAIL- vikalpjk@jkpmasterbatches.com**
**Web : www.jkpmasterbatches.com**

# Kalinga Institute of Industrial Technology (KIIT)

## Deemed to be University

(Established U/S 3 of UGC Act, 1956)

Bhubaneswar, Odisha, India




**In today's age of exposure and value addition, KIIT has been able to live up to society's expectations. It provides the best possible academic and non-academic grooming and empowerment that enable one to become a global citizen and make an impact in the global workplace.**

- **Accredited by NAAC with 'A' Grade**
- **'A' Category as per notification of Ministry of HRD, Govt. of India.**
- **'Tier1' Accreditation (Washington Accord) by NBA of AICTE for Engineering Streams.**
- **Accredited by IET, U.K. (B.Tech Programme)**

- **23 world class campuses spread over 25 sq. km. of area**
- **19 schools offering 100+ academic programmes**
- **2500 faculty & researchers and 27,000 students**
- **Academic partnership with over 162 International Universities across the globe**

### NATIONAL & INTERNATIONAL RECOGNITION

KIIT is a member of prestigious national and international organizations such as International Association of Universities (IAU), Association of Indian Universities (AIU), Association of Commonwealth Universities (ACU), University Mobility of Asia and the Pacific (UMAP), Association of Universities of Asia and the Pacific (AUAP), United Nations Academic Impact (UNAI) and Eurasian Silk Road Universities Consortium (ESRUC).

### SCHOOLS

- School of Civil Engineering
- School of Computer Engineering
- School of Electrical Engineering
- School of Electronics Engineering
- School of Mechanical Engineering
- School of Computer Application
- School of Architecture
- School of Law
- School of Applied Sciences
- School of Management
- School of Rural Management
- School of Biotechnology
- School of Public Health
- School of Chemical Technology
- Kalinga Institute of Medical Sciences
- Kalinga Institute of Dental Sciences
- Kalinga Institute of Nursing Sciences
- School of Fashion Technology
- School of Film & Media Sciences
- School of Mass Communication
- School of Yoga

**KIIT, At/PO-KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, INDIA, Tel. : +91 674 2725113, 2741998**
**Fax : +91 674 2740326, Email : kiit@kiit.ac.in, Website : www.kiit.ac.in**

**KIIT has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha.**
**It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.**

# The Newest Solutions for Plastics



For more than **15 years** Calco's masterbatch technology has enhanced the value of **packaging, consumer and industrial goods**. Our endeavor has been to provide solutions in plastic industry through **value added, cost effective products**. Backed by **experienced technical people**, we help companies produce innovative solutions.

*New product lines include **eco-friendly biodegradable solutions** for packaging.*

*Expanding product range in engineering product applications - **Automotive, Consumer Durables, Electrical and Electronics**.*

Our Product Segments




**Calco Polychem Pvt Ltd, Delhi**
**Calco Poly Technik Pvt Ltd, Haryana**

For channel partner enquiries, Please Contact us at +91 9215921580, Email - contact@calco.in
**Head Office** : M-8, Badli Industrial Estate, New Delhi 110042, **Phone** : +91 11 27857715 | **Fax** : +91 11 27853714

# Calco Poly Technik Pvt Ltd. के बढ़ते कदम



Calco Poly Technik प्रा0लि0 श्री वरुण गुप्ता के निर्देशन में उच्च गुणवत्ता युक्त इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स की भारत की प्रमुख वितरक कंपनी है। इसका प्रमुख उद्देश्य ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक सामान ,पावर और पैकेजिंग उद्योगों से संबंधित अनेकानेक उद्योगों को पारंपरिक और नई तकनीकी के अनुसार सक्षम और नूतन समाधान प्रदान करना है। स्वच्छ भारत मिशन में पहल के तौर पर कैल्को ने डीआरडीओ द्वारा विकसित की हुई देशीय तकनीकी का वाणिज्यीकरण किया है, और इस तरह अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन की समस्या का इको फ्रेंडली समाधान प्रस्तुत किया है।

'Calco' कुछ प्रमुख उत्पादक कंपनियों को कच्चे माल प्रदान करती है जिनमें ऑटोमोटिव के संदर्भ में मिंडा ग्रुप, जे पी एम ग्रुप, यू एम ग्रुप, हेला इंडिया, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा पावर क्षेत्र में हैवेल्स फिलिप्स लीग्रांड और सी एंड एस इलेक्ट्रिक तथा अप्लायंस के मामले में हैवेल्स और ग्रुप एस.ईबी जैसी कई प्रतिष्ठित कंपनियां प्रमुख रूप से शामिल हैं।

'Calco' पॉलिटेक्निक प्रा. लि. सोनीपत हरियाणा जैसे शहर में अपनी खुद की द्वितीय विश्वस्तरीय मैनुफैक्चरिंग फैसिलिटी स्थापित करने जा रही है जो कि 2018 के अंत तक शुरू हो जाएगी। सौर ऊर्जा का उपयोग करके कैल्को पॉलिटेक्निक पावर के मामले में स्वयं सक्षम होने के उद्देश्य पर आगे बढ़ रही है। 1 लाख स्क्वायर फीट में फैली यह मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी 20000 एमटी प्रति वर्ष के अनुसार उत्पादन करेगी। अनुमानित रूप से 2020 के अंत तक संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर बढ़कर 30 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी जिसका अर्थ है कि अनुमानित बिक्री 2500 मिलियन रुपये होगी।

'Calco' का मुख्य उद्देश्य एंड टू एंड प्रोडक्ट विकास समाधान प्रदान करते हुए भारत की सर्वाधिक डिमांड वाली विश्वस्तरीय प्लास्टिक समाधान प्रदाता कंपनी बनना है। कैल्को की स्थापना दिल्ली में सन 1999 में हुई जहां पर इसका एकमात्र प्लांट था, जिसमें पैकेजिंग उद्योगों के लिए कलर मास्टर बैच का उत्पादन होता था। आज की तारीख में उत्पादन क्षमता 30000 एमटी प्रतिवर्ष से भी ज्यादा है और यह सशक्त आर एन डी टीम से संचालित है जिसमे 100 से ऊपर कर्मचारी है। ■

HYUNDAI Reliance Bharat Petroleum TATA MOTORS HONDA
इंडियनऑयल IndianOil Mahindra Rise. MARUTI SUZUKI Hero HP
Indane HP GAS BAJAJ
TRUST SEAL indiamart
ALAM (TM) TCC UNIFORM
All King of
Uniform Manufacturer & Suppliers
Faizabad Road,Lucknow,India Pin : 226016
Mob.: 9305464534,9305464535
E-mail : alamtccuniform.lko@gmail.com

# MEET MARKETING

Complete Solution For PVC & Food Industries

## Supplier of PVC Resin & Speciality Additives for

- CPVC PIPES & FITTINGS
- UPVC PIPES & FITTINGS
- PVC FREE FOAM SHEET
- SWR/AGRI FITINGS
- PVC FLEX BANNER
- PVC ROOFING SHEET
- PVC LEATHER CLOTH
- PVC COMPOUND
- PVC FLOORING
- PVC CELUKA FOAM SHEET
- WPC FOAM SHEET/PROFILE
- PVC MEDICAL COMPOUND
- POLYMER MASTERBATCH
- WIRE & CABLE COMPOUND
- COLUMN/SWR/PRESSURE PIPES
- PVC DOOR & WINDOW PROFILE
- PVC BLISTER/SHRINK/CLING FILM
- SUCTION/GARDEN/BRAIDED/HOSE PIPE

## AUTHORIZED DISTRIBUTOR

SUNACE
SUN ACE KAKOH (PTE) LTD.

L G CHEM

BENCHMARK

FINE ORGANICS INDUSTRIES

GRASIM
GRASIM INDUSTRIES LTD.

OMYA
OMYA GROUP

CRISTAL GLOBAL

PAYAL POLYPLAST PVT. LTD.

Ruchi GROUP
RUCHI SOYA INDUSTRIES LTD.

CYTEC
CYTEC INDUSTRIES INC. (USA)

DCM SHRIRAM CONSOLIDATED LTD.

## Speciality Chemicals Like

CPVC Resin, CPVC Compound, NBR, Processing Aid & Impact Modifier for Foam Board, Calcine Clay, Bisphenol-A, P.E. Wax, Methyl Tin Stabilizer, MBS Impact Modifier U.V. Stabilizer, Antioxidant

**Regd Office: MEET MARKETING (I)PVT. LTD.**
Meet House, Near Nova Petrochem, Changodar, Ahmedabad - 382 213 Gujarat - India.
Phone No - +91 79 26312222, Email: info@meetindia.in, jthakkar@meetindia.in, **www.meetindia.in**

**Delhi**
Ph: +91 11 27391200
+91 9999753722
Email:delhi@meetindia.in

**Daman**
Ph:+91 9727701507
+91 9727701560
Email:daman@meetindia.in

**Salem(TN)**
Ph: +91 9727701505
+91 427 2442601
Email:salem@meetindia.in












प्लास्टिक व्यवसाय के क्षेत्र में लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर 'मीत मार्केटिंग (इंडिया) प्रा0लि0' ने गत 24 दिसम्बर 2017 को अपने नये कार्यालय का उद्घाटन किया। कुछ झलकियाँ

## फोटो-फीचर








गत दिनों कोलकाता के होटल ताज बंगाल में 'इंडप्लास 18' का लांच फंक्शन आयोजित किया गया। जिसमें 800 से अधिक प्लास्टिक व्यवसायियों ने शिरकत की।





Organised by

iPf

INDIAN PLASTICS FEDERATION

Supported by:

ASSOCHAM INDIA

ICC INDIAN CHAMBER OF COMMERCE

PLASTINDIA FOUNDATION

# Indplas® '18

Promote • Progress • Prosper • Profit

## 8th INTERNATIONAL EXHIBITION ON PLASTICS

November 30th - December 3rd, 2018
Eco Park Exhibition Ground, Kolkata, India



## LET'S MOULD THE FUTURE

**Meet** us at: PLASTINDIA 2018 EMPOWERING GROWTH

in **Hall No 1**, Stall No: **H1E14**

### ABOUT THE ORGANISER INDIAN PLASTICS FEDERATION

- A leading Plastics Association established in the year 1958
- One of the founder members of Plastindia Foundation, Mumbai, the apex body of Plastics Industry in India
- Widely acclaimed for organizing the first Plastics exhibition in India in 1981. Successfully organised 7 Indplas Exhibitions in Kolkata since then

### WHAT TO EXPECT AT INDPLAS' 18?

- Bigger, better and convenient venue of 50,000 sq.mt. at Eco Park, New Town, Kolkata
- A concrete ground, suitable for live demonstration of machines
- 500+ Domestic & International Exhibitors
- Visitors from across India, especially from Eastern and North Eastern Indian States and from neighbouring countries of Nepal, Bangladesh, Bhutan & Myanmar

**For Further Details, Please Contact:**
**INDIAN PLASTICS FEDERATION (CIN :** U91110WB1959NPL024140**)**
8B, Royd Street, Kolkata 700016, India.
**Phone**: +91 33 2217 5699/ 5700/ 6004 /6005
**E-mail**: exhibition@indplas.in | **Website**: www.indplas.in / www.ipfindia.org
**Ashok Jajodia**, Chairman, INDPLAS '18, Organising Committee
**Mobile**: + 91 98310 90756
**Email**: chairman@indplas.in

OVERSEAS MARKETING AGENTS

CHAN CHAO INTERNATIONAL CO., LTD. TAIWAN

SHANGHAI MELINK EXHIBITION CO.,LTD CHINA

: @ipf_india | in : IPF INDPLAS | : indplas_ipf | f : www.facebook.com/indianplasticsfederation | : www.youtube.com/IPFINDIA

Supported by :

AIPMA | GSPMA | INDIAN PLASTICS INSTITUTE | OPP Organization Of Plastics Processors Of India | TAAPMA

रपट




# मुंबई में प्लेक्सपो इंडिया की गंभीर दस्तक

**जानकारों का मानना है कि ''प्लेक्सपो इंडिया'' को जनवरी 2019 में इंडस्ट्री की ओर से भारी रिस्पॉस मिलेगा। बताते चलें कि देश की प्लास्टिक इंडस्ट्री के अन्दर एप्मा के बाद यदि सबसे ज्यादा कर्मठ जाबांज व बहादुर लोगो की टीम किसी एसोसिएशन के पास है तो वह है जीएसपीएमए यानी कि गुजरात प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ।**

भारत देश में प्रादेशिक स्तर पर प्लास्टिक उद्यमियों का सबसे बड़ा एसोसिएशन है गुजरात प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (GSPMA) जिसमें सीधे तौर पर ढाई हजार से भी अधिक प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स जुड़े हैं । ज्ञातव्य हो कि गुजरात हिंदुस्तान का एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां का प्लास्टिक उद्योग सर्वाधिक समुन्नत है। ऐसे में यहां की प्लास्टिक इंडस्ट्री के अंदर जी.एस.पी.एम.ए. की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होगी यह समझना काफी आसान है। अभी तक भारत देश के विभिन्न भूभाग पर कई प्लास्टिक प्रदर्शनियां आयोजित होती रही है जिनमें गुजरात की संस्था जी.एस.पी.एम.ए. द्वारा आयोजित 'प्लेक्सपो इंडिया' अपना खास महत्व रखती है । पिछले कई आयोजनों से देश के अंदर अपनी खास पहचान बनाने में जुटी प्लेक्सपो इंडिया नामक इस आयोजन पर वज्रपात तब हुआ जब देश की सबसे बड़ी प्लास्टिक प्रदर्शनी 'प्लास्ट इंडिया' वर्ष 2015 से गुजरात आ धमकी, क्योंकि जी.एस.पी.एम.ए. 'प्लास्ट इंडिया' फाउंडेशन की संस्थापक संस्था है, ऐसे में देश के सबसे बड़े प्लास्टिक शो के दिल्ली से गुजरात स्थानांतरित होने पर 'प्लेक्सपो इंडिया' नामक आयोजन की स्थित ठीक उसी प्रकार हो गई जैसे कि बल्ब के आगे ट्यूबलाइट की रोशनी लगा दी जाए। वर्ष 2016 जनवरी माह में गुजरात के गांधीनगर में आयोजित प्लेक्सपो इंडिया की स्थिति कुछ ऐसी ही रही। बहरहाल वर्ष 2017 में लगातार 1 वर्ष के चिंतन मंथन के बाद अपने नवनियुक्त चेयरमैन नवीन भाई त्रांबादिया के नेतृत्व में प्लेक्सपो इंडिया की टीम नए जोश के साथ उठ खड़ी हुई है। दरअसल इस बार प्लेक्सपो इंडिया गुजरात में नहीं बल्कि17 से 20 जनवरी 2019 को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के सबसे पसंदीदा फेयर ग्राउंड गोरेगांव के बाम्बे एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित हो रही है । बताते चलें कि इस बार प्लेक्सपो इंडिया ने

अपने आयोजन के लिए एक ऐसे स्थान व समय का चुनाव किया है जो उसके आयोजन में विजिटर्स की संख्या में बेतहाशा वृद्धि कर सकती है। कारण यह है कि गोरेगांव ईस्ट में स्थित यह फेयर ग्राउण्ड जहां एक तरफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त महानगर मुंबई के हृदय स्थल पर विद्यमान है वहीं दूसरी तरफ इसके आसपास के क्षेत्रों को प्लास्टिक इंडस्ट्री का गढ़ माना जाता है। चूकिं यह फेयर ग्राउंड गुजरात रुट पर ही स्थित है ऐसे मैं यहां वापी, दमन सिलवासा से लेकर समूचे गुजरात के प्लास्टिक व्यवसायियों के लिए आवगमन भी बेहद सरल है, इसके अलावा चूंकि पश्चिम और दक्षिण भारत में इस दौरान कोई बड़ी प्लास्टिक प्रदर्शनी नहीं है ऐसे में इसका भरपूर लाभ प्लेक्सपो इंडिया को मिलना तय है, मजे की बात तो यह है कि जनवरी माह की ठिठुरन से निजात पाने के लिए पूर्वी व उत्तर भारत के अधिकांश प्लास्टिक व्यवसायी इस दौरान अपनी छुट्टियां मुंबई में ही मनाना पसंद करते हैं ऐसे में प्लेक्सपो इंडिया के अन्दर पूर्वी व उत्तर भारत से भी विजिटर्स की संख्या में काफी इजाफा हो सकता है।


इसके अलावा चूंकि मुंबई अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एक ख्यातिलब्ध महानगर है जिसकी डायरेक्ट कनेक्टिविटी न केवल देश के हर छोटे बड़े शहर से है बल्कि दुनिया के ज्यादातर देशों को यहाँ से सीधी उड़ान है ऐसे में इस फेयर के अन्दर देश विदेश से बड़ी संख्या में लोगों के भागीदारी की उम्मीद है।

मालूम रहे कि प्रत्येक तीसरे वर्ष इसी माह में इसी स्थान पर आयोजित होने वाली प्लास्टिविजन इंडिया नामक प्रदर्शनी उपरोक्त उपलब्धियों का भरपूर फायदा उठाते हुये लगातार आगे बढ़ रही है। ऐसे में जानकारों का मानना है कि ''प्लेक्सपो इंडिया को भी जनवरी 2019 में इंडस्ट्री की ओर से भारी रिस्पॉस मिलेगा। बताते चलें कि देश की प्लास्टिक इंडस्ट्री के अन्दर एप्मा के बाद यदि सबसे ज्यादा कर्मठ जाबांज व बहादुर लोगो की टीम किसी एसोसिएशन के पास है तो वह है जीएसपीएमए यानी कि गुजरात प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ।




ज्ञातव्य हो कि जीएसपीएमए का यह महत्वकांक्षी शो 'प्लेक्सपो इंडिया 2019' एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है जहां से परिवर्तन का एक नया अध्याय लिखा जा सकता है, बेहद कर्तव्यनिष्ठ और मेहनत से कभी पीछे न हटने वाले श्री नवीन भाई त्रांबादिया को 'प्लेक्सपो इंडिया 2019' का चेयरमैन बनाकर संभवतः जीएसपीएमए ने ऐसा ही कुछ नया संकेत दिया है।

बताते चलें कि श्री नवीन भाई त्राम्बादिया इसके पूर्व वर्ष 2009 में जहां गुजरात प्लास्टिक मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं वही वर्ष 1998 मे वे सौराष्ट्र प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष का पदभार संभाल चुके हैं। इसके पूर्व वर्ष 1999 में उन्होंने राजकोट प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के प्रेसीडेंट के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान की है। प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ग्लोबल टेक्नोवर्ल्ड के डायरेक्टर श्री नवीन भाई बेहद सहज व व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के स्वामी हैं। वह अपनी इन्हीं खूबियों की वजह से गुजरात से लेकर महाराष्ट्र जैसे कई प्रदेशों में प्लास्टिक व्यवसायियों के बीच अपनी अलग पहचान रखते हैं । अब देखना यही है कि वे अपनी दमदार मेहनती स्वभाव व तमाम अनुभव की बदौलत 'प्लेक्सपो इंडिया 2019 को किस मुकाम तक ले जाते हैं। ■




PRASAD
GROUP
Total Solution
Raw Material to Finish Product
Storage
Silo and Feeding System
PNEUCON SOLUTION
Handling
Powder Batching and Conveying
PNEUCON SOLUTION
Drying
Dehumidified Air Dryer
KOCH TECHNIK
Conveying
Central Conveying System
KOCH TECHNIK
Colouring
Volumetric Gravimetric Blender
KOCH TECHNIK
Cooling
Compact Chiller
gwk
Heating
Mould Temperature Controller
gwk
Handling
Servo Robots
WEMO.
Conveying
Conveyor Belt
crizaf
Counting
Counting Sorting Packing
crizaf
Grinding
Online Granulator
MO.DI.TEC
Recycling
Granulator Shredders
Rapid
PRASAD GROUP OF COMPANIES (ISO 9001:2008 CERTIFIED)
14 & 16, Phase 1, G.I.D.C. Estate, Vatva, Ahmedabad-382445
Ph.: +91-79-2583 0112 / 2589 0687 / 2583 4323, Fax: +91-79-2583 0129
E-mail: plastics@prasadgroup.com, www.prasadgroup.com
SALES & SERVICE NETWORK
West:
Mumbai :022-28019300, 9322143916
Vapi :9328572963
Pune :9325401351
Indore :9827070528
North:
Delhi :011-32907842, 9310701081
Haridwar :9368308420
Chandigarh :9356377722
Baddi :9356666572
South:
Chennai :044-23622230, 9385344442
Bangalore :080-23144760, 9341481016
Hyderabad :9346735965
East:
Kolkata :033-40083149, 8697733735
www.brandaid.in
Economy through Automation

IndianOil PROPEL®
100% TRUST. 100% VALUE.
A range of world-class petrochemicals

Touching Billion Lives Everyday.

PETROCHEMICALS



from the trusted assembly line of IndianOil

Surging India is in search of global players that can keep pace with the times. PROPEL gives the right impetus to ever increasing petrochemical market with its range of world-class petrochemicals products.

- **LAB (Linear Alkyl Benzene)**
- **PTA (Purified Trephthalic Acid)**
- **HDPE (High Density Polyethylene)**
- **LLDPE (Linear Low Density Polyethylene)**
- **PP (Polypropylene)**
- **MEG (Mono Ethylene Glycol)**

https://propel.indianoil.in



www.aipma.net
Organized by
THE ALL INDIA PLASTICS MANUFACTURERS' ASSOCIATION
AIPMA
ESTD 1945
P 11TH
PLASTIVISION
INDIA MUMBAI
BIGGER BETTER
GRANDER
THE EXHIBITION THAT DEFINES
THE COURSE OF INDIAN PLASTICS INDUSTRY
IS SET TO ARRIVE IN MUMBAI.
BLOCK YOUR DATES
www.plastivision.org
For more information call on +91 22 6777 8846
or email - sanjeevani@plastivision.org
ufi
Approved
Event
11th PLASTIVISION
MUMBAI INDIA 2020
THU FRI SAT SUN MON
JAN - 16 - 17 - 18 - 19 - 20
INTERNATIONAL PLASTICS EXHIBITION & CONFERENCE
Bombay Exhibition Centre, NESCO, Goregaon (East), Mumbai - 400 063.